हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026



सभी ब्लॉक में नए अध्यक्ष नियुक्त

## उत्तर चेतन और दक्षिण में लक्ष्मण बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





नए जिला और शहर अध्यक्ष नियुक्त करने के बाद अब कांग्रेस ने ब्लॉक में भी नई नियुक्तियां कर दी है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा सूची के अनुसार राजनांदगांव शहर कांग्रेस के उत्तर ब्लॉक की जिम्मेदारी चेतन भानुशाली को दी गई है। वहीं दक्षिण ब्लॉक में अब लक्ष्मण साहू अध्यक्ष होंगे। राजनांदगांव सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में भी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए है। इस सूची में यह देखा जा सकता है कि पूराने चेहरों की बजाए पार्टी ने नए चेहरों को मौका दिया है। इधर सूची आने के बाद नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के समर्थकों में भी उत्साह देखने को मिला।

उल्लेखनीय है कि उदयपुर में आयोजित हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद से ही नए सिरे से कांग्रेस अपने संगठन को बुनने का काम कर रही है। पिछले साल अक्टुबर महीने में पर्यवेक्षक भेजकर जमीनी हकीकत तलाशने के बाद जहां जिला एवं शहर अध्यक्ष की घोषणा की गई थी। वहीं अब युवा चेहरों को ब्लॉक कांग्रेस में स्थान देकर कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी आने वाले समय को देखते हुए फैसले ले रही है।

### अब मंडल और सेक्टर अध्यक्ष बाकी

ज्ञात हो नए सिरे से बुने जा रहे संगठन में कांग्रेस अब मंडल और सेक्टर समितियों का भी गठन कर रही है। पिछले छह महीने से यह प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक सूची जारी नहीं हो पाई है। बताया गया कि ब्लॉक कांग्रेस की सूची आने के बाद अब संगठन स्तर पर नए सिरे से मंडल एवं सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### छुरिया में धर्मेंद्र, घुमका में वर्मा

जिले के राजनांदगांव ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, डोंगरगांव टिकेश साहू, छुरिया धर्मेंद्र साहू, डोंगरगढ़ ग्रामीण पंचराम चंदेल, डोंगरगढ़ शहर हरिश भंडारी, घुमका राममुरत वर्मा, कुमरदा प्रताप धावड़े और एलबी नगर ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष नरेश उईके को नियुक्त किया गया है।

### मोहला में राजेंद्र, खैरागढ़ में संदीप

जारी सूची के अनुसार केसीजी जिले में खैरागढ़ नगर में अरुण भारद्वाज, खैरागढ़ के लिए संदीप सिमरोर, छुईखदान राम कुमार पटेल, मुड़ीपार तेजराम वर्मा और गंडई ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष शत्रुधन चंदेल को बनाया गया है। इसी तरह एमएमसी जिले में मोहला का राजेंद्र चंद्रवंशी, मानपुर का बालचंद्र कुरेती और चौकी में मुकेश सिन्हा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## मड़ई में दो गुटों के बीच विवाद, चाकू से घोंपकर युवक की हत्या, आरोपी फरार

**खैरागढ़ से 10 किमी दूर पिपलाकछार में मड़ई मेले के दौरान चाकूबाजी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ग्राम पिपलाकछार में मंडई के दौरान आपसी विवाद पर कुछ लोगो ने एक युवक से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिसे गंभीर अवस्था में चिकित्सालय भेजा गया यहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलाकछार के बाजार चौक में मंगलवार को एक युवक मोरध्वज पटेल उम्र लगभग 26 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया था। बताया गया कि विवाद इतना बढ़ा की उक्त युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। बताया गया कि इस दिन वहां मंडई का भी आयोजन था । जिससे उक्त घटना के बाद सनसनी फैल गई थी।

### पुलिस जांच में जुटी

सूत्रों के अनुसार उक्त युवक को गंभीर हालत में उपचार हेतु खैरागढ़ चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार पश्चात मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव रेफर किया गया था। बताया गया कि गंभीर रूप से घायल उक्त युवक की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। इधर इस घटना की खबर के बाद गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बताया गया कि इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल एवं पूछताछ कर रही है।

### मेडिकल कॉलेज में उपचार

मोरध्वज की हालत को देखते हुए जहां पहले उसे खैरागढ़ स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहीं हालत को देखते हुए उसे राजनांदगांव जिला स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार देर रात उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि इस मामले में खैरागढ़ जिला पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है। जिनसे पुछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जल्द मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया गया कि पेट में गंभीर चोट लगने से युवक की हालत नाजुक हुई, जिसके बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कार्रवाई: चाकू से हमला पुलिस गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ बस स्टैण्ड के पास आटो चालक पर चाकू से हमलार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित दिनेश कुर्रे निवासी रविदास नगर डोंगरगढ़ जो ऑटो चालक है, जिसके ऑटो में 3 जनवरी को शाम करीब 5:50 बजे आरोपी मनीष गेडाम उम्र 26 वर्ष निवासी चंद्रपुर महाराष्ट्र का रहने वाला चिचोला जाने के लिये बैठा था। आरोपी चिचोला जाने के लिये 100 रुपये दूँगा कहकर ऑटो चालक दिनेश कुर्रे से जिद कर रहा था।

### हो गया था फरार



मना करने पर आरोपी मनीष गेडाम गंदी-गंदी गाली-गलौज कर आवेश में आकर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू नुमा धारदार हथियार से पीड़ित दिनेश कुर्रे के कमर के पास मारकर चोट पहुँचा दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण के फरार आरोपी का लगातार पता-तलाश कर उक्त आरोपी को को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।












## खबर संक्षेप

### गिधवा में मड़ई 19 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम गिधवा में मंडई मेला का आयोजन 19 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम खल्लारी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के लिलेश्वर साहू, रूमलाल देवांगन ने दी।

### जीवन ज्योति बीमा से मिले दो लाख



**खड़गांव।** ग्राम की उर्मिला साहू ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की पॉलिसी लिया था। कुछ माह पूर्व उर्मिला साहू का निधन करंट लगने से हो गया था। बीमा एजेंट निलिमी जैन ने पॉलिसी का लाभ दिलाते हुए स्व उर्मिला साहू की माता दुरगेशवरी साहू को गत दिनों छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के अधिकारियों से दो लाख का चेक दिलवाया। दुरगेश्वरी साहू ने चेक प्राप्त होने पर बीमा एजेंट निलिमी जैन और बैंक अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### मनाई गई विवेकानंद जयंती



**साल्हेवारा।** पूर्व माध्यमिक शाला आमगांव में सोमवार को महान विचारक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पाठिका जामवती रोडेस्कर ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय में शिक्षकों ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत कराया गया। शिक्षक देवकरण सेन ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का संदेश आत्मविश्वास, परिश्रम और चरित्र निर्माण अत्यंत प्रासंगिक है। विद्यार्थियों ने भाषण, विचार प्रस्तुत किए।

### सांसद पांडे का आत्मीय स्वागत



**चिचोला।** ग्राम में आयोजित मंडई मेला में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। उनके गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत नारायणगढ़ के सरपंच जाफ़र अली ने स्वागत किया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, ग्राम पटेल प्रीतराम, पंच दिनेश सिन्हा, भूपेंद्र साहू, टोपेश सिन्हा आदि उपस्थित थे। रात्रि में पूनम तिवारी के रंग छत्तीसा का मंचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत वर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, उप सरपंच रेशमा निषाद, जनपद सदस्य रेशमा कंवर, सुभाष यादव एवं सरपंच जाफ़र अली थे।

### कर्मचारियों की न्याय पदयात्रा स्थगित

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के विधानसभा क्षेत्र से शुरू होने वाली न्याय पदयात्रा को उपमुख्यमंत्री से चर्चा के बाद स्थगित कर दिया है। चर्चा के दौरान कर्मचारियों की जिला स्तरीय समस्याओं पर विचार किया गया, जिसमें वन विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के प्रकरण शामिल थे। समस्याओं का उच्च अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल निराकरण कराया गया। शेष मांगों पर शासन स्तर से शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया है।

### प्रदेश महासचिव ने किया खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



**सड़क अतरिया।** प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र विचारपुर, संड़ी, अतरिया पहुंचकर धान खरीदी का जायजा लिया। उन्होंने किसान एवं प्रभारियों से समस्याओं की जानकारी लेकर अधिकारियों से तत्काल निदान करने कहा। उन्होंने बताया कि धान का उठाव नहीं होने से परेशानी बढ़ रही है। केन्द्रों में अब तक लगभग 79 फीसदी खरीदी हो चुकी है किन्तु उठाव काफी कम हुआ है। केन्दो में अब जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। किसानों को फड के ऊपर धान का तौल करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब केवल 19 दिन धान खरीदी होना है जबकि कुछ केन्द्रों के लगभग 30 फीसदी धान बेचने से शेष है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 17 को

**डोंगरगांव।** शीतल होम्योपैथी क्लिनिक की स्थापना की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर आगामी 17 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है। डॉ योगिता साहू ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, त्वचा रोग, चर्म रोग, स्त्री रोग, जोड़ो- हड्डियों का दर्द, बवासीर, पीलिया, मूत्र, अस्थमा, श्वांस, कान, नाक, गला रोग, फिस्टुला, मधुमेह, बालों की समस्या, सफेद दाग की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों को 10 दिन की दवा निःशुल्क दी जाएगी। शिविर में डॉ योगिता साहू, डॉ ओजस्विनी मिश्रा, डॉ हिमांशु निर्मलकर, तुलसी साहू सेवाएं देंगे। उन्होंने अंचल के लोगों से लाभ उठाने की अपील की है।

### नगर में 11 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 23 को



**डोंगरगांव।** स्थानीय गायत्री मंदिर में आगामी 23 जनवरी को 11 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शांतिकुज हरिद्वार में प्रज्जवलित अखण्ड ज्योति को 100 वर्ष पूरे होने, माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी तथा गुरूदेव के साधना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित महायज्ञ में 24 हजार मंत्रों से आहुति दी जाएगी। गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ सुबह 8 बजे युग संगीत से होगा। पश्चात 8.30 बजे से यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, देव पूजन तथा गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। मंत्राहुति का क्रम दोपहर तक चलेगा। शाम 4.30 बजे से प्रज्ञा गीत, संगीत, प्रवचन एवं गायत्री दीप महायज्ञ होगा। माता भगवती देवी समूह साधना मंडल द्वारा आयोजन की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने में जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, साधना मंडल की विभा साहू, भेषकुमारी साहू, शशि गुप्ता, नीलिमा सिन्हा, चंद्रकांति साहू, हेमा राठौर, प्रिया सिन्हा, सीता गुप्ता, मिताली कटकवार, ट्रस्ट मंडल के बालकृष्ण सिन्हा, गिरधर साहू, डॉ. अतुल गुप्ता, हरेन्द्र साहू, यीवराज, किशोर पटेल, नरहरि पटेल, दुष्यंत पटेल सहित अन्य जुटे हैं।

### लंबे इंतजार के बाद नियुक्ति आदेश जारी

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी को मिला नया और युवा नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लंबे इंतजार के बाद अटकलों पर विराम लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की नियुक्ति कर दिया है। सभी संभावनाओं को दरकिनार कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर विधायक दलेश्वर साहू के विश्वासपात्रों में शामिल जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टिकेश साहू को नियुक्त किया गया है। श्री साहू इससे पहले युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। वह वर्तमान में विधायक प्रतिनिधि के तौर कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू को एक विवादित प्रस्ताव के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। निष्कासन के बाद पूर्व मंडी अध्यक्ष गणेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में संगठन की बागडोर संभाल रहे थे। नए अध्यक्ष की नियुक्ति का लेकर कई नामों की चर्चा थी किन्तु तमाम अटकलों को खारिज करते हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू के नाम पर मुहर लगी है।



#### विधायक से मुलाकात

नियुक्ति के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री साहू ने आलीवारा पहुंचकर विधायक दलेश्वर साहू ने मुलाकात कर आवश्यक मार्गदर्शन लिया। उनके अध्यक्ष बनने पर नवाज खान, गुलाब वर्मा, भावेश सिंह, सुयश नाहटा, बलीराम साहू, मदन साहू, संध्या नरेंद्र साहू, महेंद्र साहू, वीरेंद्र बोरकर, सतीश वैष्णव, कमलनारायण वैष्णव, महेन्द्र वैष्णव, श्रुति शुक्ला, प्रियंक जैन, रितेश राजपूत, राकेश साहू, रौशन साहू, लीलम गोस्वामी, मुरली निषाद, किशोर बनाफर आदि ने बधाई दी है।

#### रामकुमार बने पुनः ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिले के विभिन्न ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की है। छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष के पद पर रामकुमार पटेल को पुनः नियुक्त किया गया है। श्री पटेल के ब्लाक अध्यक्ष रहते संगठन में मजबूती एवं कार्यकर्ताओं में सक्रियता रही जिसके चलते उन्हे पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके ब्लाक अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। श्री पटेल को पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, कामदेव जंघेल, विजय वर्मा, निर्मला वर्मा, कविता जंघेल, प्रियंका जंघेल, संतोष यद्दु, कैलाश वर्मा, लिखना जंघेल, राजकुमार साहू, गोरेलाल जंघेल, घसीया राम आदि ने बधाई दी है।

# नए विश्राम गृह भवन का लोकार्पण अटका



■ कांग्रेसियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लॉक मुख्यालय में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से करीब एक साल पहले नवीन विश्राम गृह बनाया गया है। नवनिर्मित विश्राम गृह एक वर्ष से नहीं खुला है जिससे जनप्रतिनिधियों को अत्यंत जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर बैठना पड़ रहा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर नवीन विश्रामगृह खोलने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि ब्लॉक मुख्यालय के पुराने बस स्टैण्ड में लोक निर्माण विभाग ने करोड़ों की लागत से नवीन विश्रामगृह बनाया है। यह विश्राम गृह करीब एक वर्ष से बनकर तैयार है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, ब्लाक महामंत्री संजीव गुप्ता, पार्षद दबीज खान, वसीम कुरैशी, रोहन निर्मलकर, शकील कुरैशी, उमेश साहू ने तहसीलदार विजय कोठारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विश्रामगृह की जीर्ण शीर्ण अवस्था को देखते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नवीन गृह भवन के लिए लगभग 60 लाख की स्वीकृत दी थी। भवन एक वर्ष पूर्व बनकर तैयार हो गया है किन्तु अब तक लोकार्पण नहीं हुआ है।

#### तो कर देंगे लोकार्पण

भवन के लोकार्पण में हो रहे विलंब को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने निर्णय लिया है कि एक सप्ताह के भीतर नवीन विश्रामगृह भवन का लोकार्पण नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित नगर के प्रबुद्धजनों के नेतृत्व में विश्रामगृह भवन का लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

# गुहा जयंती, आदर्श विवाह 16 को

■ तैयारी में जुटे सामाजिकजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



निषाद समाज परिक्षेत्र बगदई के तत्वावधान में आगामी 16 जनवरी को भगवान राम के परम भक्त गुहाराज निषाद की जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जयंती के मौके पर आदर्श विवाह समारोह का आयोजन भी रखा गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हीरा निषाद करेंगे। विशेष अतिथि निषाद समाज के प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, जिला अध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु, अंजू त्रिपाठी, अंजुम अल्वी, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पद्मनी ठाकुर, मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू, रमजान बड़गुजर, दीपक शर्मा, रोहित सोनकर, लोकेश निषाद, टीकम निषाद, सुशीला निषाद, पद्मनी निषाद, सोनीराम निषाद, चैनकुमार सोनवानी, सोनम श्रवण निषाद होंगे।

#### होगा आदर्श विवाह

मीडिया प्रभारी चैन कुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि जंयती अवसर पर सौ. का. मीनाक्षी सुपुत्री हेमु निषाद निवासी मटिया का चि. अजय सुपुत्र दुर्गेश निषाद निवासी रूदगांव के संग आदर्श विवाह होगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 8 बजे पूजा अर्चना, कलश यात्रा प्रारंभ, 12 बजे आदर्श विवाह, 3 बजे से अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन, शाम 4 बजे रिकार्डिंग डांस की प्रस्तुती होगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष कृपाराम निषाद, दुर्गाराम, दशरथ, कमल निषाद, गौकरण, हेमंत, पुण्य प्रताप, गुलेश्वरी, पुरषोत्तम, खिलेश्वरी, पुर्णिमा, ज्ञानेश्वर, प्रदीप, संतराम निषाद, गैंदु निषाद, संतराम, सुखचंद, बसंत, संतोषी, कैलाश, पुनीत निषाद ने सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील की है।

# कागजों से निकलकर मूर्त रूप नहीं ले सका बहुप्रतिक्षित परिक्रमा पथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण नगरी में प्रस्तावित परिक्रमा पथ योजना अब तक कागजों से निकलकर मूर्तरूप नहीं ले सकी है। यह योजना बम्लेश्वरी धाम सहित अन्य धार्मिक स्थलों को जोड़ने के बनाई गई थी। योजना के कागजों में सिमटे रहने से लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि 2023 में नगर के चारों ओर भ्रमण करने परिक्रमा पथ निर्माण का प्रस्ताव आया था। इस मार्ग के माध्यम से मां बम्लेश्वरी मंदिर, जैन चन्द्रगिरि तीर्थ, प्रज्ञागिरी तीर्थ एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने की परिकल्पना की गई थी ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुगम आवागमन सुविधा मिल सके। प्रशासन द्वारा मैपिंग, डिजाइनिंग एवं तकनीकी प्रक्रिया के लगातार दावे किए गए। सोशल मीडिया में इसका डिजाइन भी वायरल हुआ। लोगों में इस परियोजना को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला जो समय बीतने के साथ निराशा में बदल गई।

## धर्म स्थलों को जोड़ने बनी थी योजना

#### बजट में प्रस्ताव शामिल

जानकारी के अनुसार इस परियोजना के प्रस्ताव को वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक बजट में शामिल किया गया था। लगभग 8 किलोमीटर लंबाई के मार्ग के लिए 55 करोड़ 45 लाख की स्वीकृति दर्शाई गई। पुल-पुलिया, डिजाइन एवं संपूर्ण पथ मैप तैयार होने की जानकारी दी गई, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

#### जमीन का अधिग्रहण नहीं

जानकारी के अनुसार इस परियोजना में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण बताया जा रहा है। सड़क निर्माण से चार गांवों की लगभग तीन हेक्टेयर भूमि प्रभावित होना है, जिसका अधिग्रहण अब तक लंबित है। परियोजना को लेकर बार-बार पुनर्विचार की सुगबुगाहट ने भी इसकी गति को पूरी तरह थाम दिया है।

# शिव पुराण कथा के पहले दिन निकाली कलश यात्रा



**अंजोरा।** ग्राम चिंगरी में भगवान शिव महापुराण कथा का भक्ति और उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। पहले दिन ग्राम में बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल के सदस्यों और ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने मिला। कलशयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं, कन्याएं भक्ति भाव के साथ सम्मिलित हुए। इस दौरान , भजन-कीर्तन ने माहौल में भक्ति का रंग घोला। पार्थिव शिवलिंग और पवित्र शिव महापुराण ग्रंथ को सम्मान के साथ सजाया गया था। कलशयात्रा में महेंद्र पांडेय भी सम्मिलित रहे। यात्रा शीतला मंदिर प्रांगण होकर प्रारंभ होकर कथा स्थल पर समाप्त हुई। लोगों ने भगवान शिव के दर्शन किए। तत्पश्चात पारायणकर्ता चंदन पांडे ने विधि-विधान से बेदी पूजन किया। मुख्य यजमान उपेन्द्र देशमुख ने सपत्नीक सुख-समृद्धि, आरोग्य और मोक्ष प्राप्ति हेतु पूजा अर्चना की।

# टैलेंट हंट में दिखी बच्चों की प्रतिभा

### शिशुमंदिर में आकर्षक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ की कक्षा षष्ठ के छात्रों ने अपने अंदर के विभिन्न प्रतिभाओं को छुपा के रखा था जिसे उन्होंने टैलेंट हंट कार्यक्रम में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य विनोद ताम्रकार, ओमप्रकाश महोबिया, त्रिवेणी मंडल, झुंपा मंडल आदि उपस्थित थे। छात्रों ने चित्रकला, वेस्ट से बेस्ट क्राफ्ट, गीत, नृत्य प्रस्तुत किया। म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाकर डांस किया। इंग्लिश में सुभाषचंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, शिवा, दयानंद सरस्वती, रानी लक्ष्मी बाई आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में जागृति, खोमेंद्र, छत्रपाल, लक्ष्य, दर्पण, वेदांत, एकांत, गर्वित, नमन, जागृति, रंजन, उमेश, शशि, अनुष्का, भूमिका, ओझल, दीपिका, वर्णिका, यशिका, गगनसिंह, आयुषी, खिलेंद्र, तुषार, शिवांश, शिवम, छाया, चंचल, मानव, लावण्या, अर्पणा, तेजस्विनी, अंश, अंकित, धनप्रिया, दिव्यांशु आदि ने हिस्सा लिया।

संचालन खोमीका एवं आयुष ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कक्षाचार्य त्रिवेणी मंडल और झुंपा मंडल ने किया। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### 22 तक रोज सुबह निकलेगी प्रभातफेरी

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ सर्व हिंदू समाज ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आयोजन की चर्चा करने हेतु बैठक का आयोजन 13 जनवरी को तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर थाना चौक में किया।

बैठक में कल 15 जनवरी से 22 जनवरी तक रामधुनी प्रभात फेरी प्रातः 5.30 बजे से निकालना तय किया गया। सभी लोग महावीर मंदिर प्रांगण में एकत्रित होंगे। यात्रा अलग अलग मार्गों में जाएगी। आगामी 22 जनवरी को श्री शिवराम मंदिर जय स्तंभ चौक में महाआरती, हनुमान चालीसा पाठ तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। यह जानकारी विहिप के नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तराने ने देते हुए सर्व हिंदू समाज के लोगों से प्रभातफेरी एवं महाआरती में सम्मिलित होने की अपील की है।

### चौक चौराहों पर भगवान राम की पूजा अर्चना

# मकर संक्रांति पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नगर की एतिहासिक परंम्परा के अनुरूप मकर सक्रांति के अवसर पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। नीचे मंदिर से पुजा अर्चना के साथ निकली शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी को रथ में सजाया गया था। इस दौरान मनमोहक धार्मिक झांकी, भगवान राधा कृष्ण के रूप में सुसज्जित मंडलियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति एवं राउत नाचा, पंथी गीत आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, खंडुपारा, रेल्वे चौक, बुधवारी पारा, गुरूद्वारा, जैन मंदिर, गोलबजार, सेठ पारा होते हुए पुनः नीचे मंदिर पहुंची। शहर के चौक चौराहो में भक्तो की भीड भगवान श्री राम के रथ की अगुवाई कर पूजा अर्चना किया। शोभायात्रा में मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गटटानी, मंत्री महेन्द्र परिहार, पितंबर स्वामी, चंद्रप्रकाश मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, बबलु शांडिल्य, संजू गुमास्ता, गौतम चोपडा, अशोक साहू, केशव नरेडी, राजू छाजेड, तरूण हत्थेल, धीरज मेश्राम, रिंकु बंसल, हरिश भंडारी, आशीष नरेडी, मोनु बिंदल, शिव शर्मा, नवीन बंसल, अंकुर अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### एलबी नगर में 27 से मानस महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



लाल बहादुर नगर में आगामी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीराम मानस महायज्ञ का आयोजन रखा गया है।

इस अवधि में ख्यातिप्राप्त प्रवक्ता संत चिन्मयानंद बापू हरिद्वार का मानस होगा। महायज्ञ का आयोजन हाई स्कूल ग्राउंड में होगा। यज्ञ प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक, प्रवचन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगा। यज्ञाचार्य पं. पवन द्विवेदी होंगे। पुरोहित के रूप में मूर्ति प्रसाद तिवारी, कुंजू प्रसाद तिवारी, कुंदन प्रसाद तिवारी एवं तिलोक तिवारी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 27 जनवरी को ग्राम देवता एवं श्री हनुमान की पूजा तथा सुंदरकांड पाठ से होगी। आगामी 28 जनवरी को प्रायश्चित कर्म, जल मंडल प्रवेश, वेद पूजन एवं अग्नि स्थापना की जाएगी। आगामी 29 जनवरी से 3 फरवरी तक मानस मंत्रों से आहुतियां दी जाएंगी। आगामी 4 फरवरी को प्रातः 10 से 11 बजे तक पूर्णाहुति, अवभृत्य स्नान एवं भंडारे का आयोजन होगा। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, महिला मानस मंडलियों, नवयुवक समितियों एवं नगरवासी आयोजन में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। आयोजकों ने अंचलवासियों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## खबर संक्षेप

### संबलपुर मड़ई 16 को

**खडगांव।** ग्राम संबलपुर में 16 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम खरदी में 18 जनवरी, खडगांव में 21 जनवरी को मंडई रखा गया है। आयोजन समिति ने लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा है। इस दौरान लोगों को झूले और खाद्य सामग्रियों का आनंद उठाने का मौका मिलेगा।

### क्षेत्र के कर्मचारी ने सरकार का जताया आभार

**सड़क अतरिया।** राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के वार्षिक अधिवेशन रायपुर में रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें राज्य कर्मचारी संघ के विभिन्न मांगों पर जल्द फैसले लेने पर सहमति जताई तथा महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की। जिसके लिए राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ एवं जिला कर्मचारी संघ खैरागढ़ छुईखदान गंडई के कर्मचारी मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिसमें क्षेत्र के मनोहर लाल चंदेल, अशोक कुमार शाहा, अर्जुन वर्मा, कोमल नारायण वर्मा, खेमराज सिन्हा, महेंद्र कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, रामेश्वर वर्मा, अनुराग मालवीय, अभिषेक देवांगन, मिलन नेताम, विजय सिंह, संगीता जोशी, सपना नायक आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिलाध्यक्ष भाजपा महिला ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**गंडई/साल्हेवारा।** जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा केसीजी श्रीमती उमा



चौबे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक और सराहनीय निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घोषणा की है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता (DA) प्रदान किया जाएगा, जो पूर्व में 55 प्रतिशत था। इस प्रकार 3 प्रतिशत की वृद्धि से प्रदेश के लगभग 5 लाख कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। इस निर्णय से कर्मचारियों की मासिक आय में बढ़ोतरी होगी तथा बढ़ती महंगाई के प्रभाव से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय कर्मचारियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और राज्य सरकार सदैव उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती उमा चौबे ने कहा कि यह फैसला मुख्यमंत्री की कर्मचारी-हितैषी सोच और संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाता है, जिसके लिए उनका आभार जताया है।

### विवेकानंद स्कूल में सालाना उत्सव

**खैरागढ़।** विवेकानंद स्कूल में विवेकानंद जयंती समारोह और वार्षिक उत्सव डीएफओ पंकज सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम




अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष व शाला संस्थापक सचिन सिंह बघेल थे। वार्षिकोत्सव के शुभारंभ बाद मुख्य अतिथि पंकज सिंह राजपूत ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बच्चों के जीवन संवारने में प्रथम शिक्षक माता-पिता को बताते हुए पालकों को बच्चों के सामने कभी भी गलत आचरण को अंजाम नहीं देने से आगाह किया और बताया कि उनके इस आचरण का त्वरित प्रभाव बच्चों के बालपन में अंकित हो जाता है और इसका कुप्रभाव उम्र बढ़ने के साथ नजर आने लगता है। उन्होंने बच्चों के लिए शिक्षक के जीवन को अत्यंत आदर्श से परिपूर्ण बताते हुए जीवनकाल में कम से कम 245 पौधे लगाने और उनके पेड़ में तब्दील होते तक संरक्षण व संवर्धन साथ सुरक्षा पर ध्यान देने कहा। अध्यक्षीय संबोधन मे सचिन सिंह बघेल ने शाला के पचीस वर्षों की विकास यात्रा का जिक्र किया और बताया कि स्कूल में जरूरतमंद, कम आय वर्ग के बच्चो के लिए भी योजनाए संचालित हो रही है। शैक्षणिक स्टाफ की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य पूजा पांडेय, पूमा विभाग की प्रधानपाठिका पूजा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन संस्था सचिव पंडित मिहिर झा ने किया।

### कायस्थ समाज ने प्रतिभा सम्मान कर मनाया युवा दिवस

**खैरागढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छुईखदान के टिकरीपारा में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता



से आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरित करने वाले विचारों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा अर्चना व आरती के साथ किया गया जिसके बाद स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्रनिर्माण से जुड़े विचारों को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका चिंतन आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। इस अवसर पर नन्हें कायस्थ बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित कविता पाठ, भाषण व गायन की प्रस्तुतियां दी। प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार देकर उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का संचार का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में समाज के तीन होनहार युवाओं डॉ सुरभि मृगांक खरे, स्नेहिल श्रीवास्तव और अंशुल बख्शी को उनके उत्कृष्ट कार्य, प्रतिभा और समाज के प्रति योगदान के लिए युवा प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ रश्मि खरे, शशिबाला श्रीवास्तव, सुनीता अमिताभ बख्शी, शीतल श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, अमिता श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, नुपूर श्रीवास्तव, रूचि बख्शी, पूनम श्रीवास्तव, सुनीता सूर्यकांत बख्शी, स्नेहा श्रीवास्तव, अमिषा बख्शी सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्यों सहित कमलेश बख्शी, अमिताभ बख्शी, आलोक बख्शी, जयदीप श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, गौरव बख्शी, मृगांक खरे, सौरभ श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, आयुष बख्शी, श्रेयांश श्रीवास्तव, दीक्षक श्रीवास्तव, अक्षांश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन



### राजेश राऊतकर

**डोंगरगढ़।** भीमनगर वार्ड 9 निवासी नेत्र सहायक राजेश राउतकर का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में शाम 4 बजे किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित स्वास्थ्य केन्द्र, मां बम्लेष्वरी चेरिटेबल हॉपिटल के कर्मचारी सहित अन्य समाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।



### मनराखन लाल साहू

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम चारभाठा निवासी, समाजसेवी व युवाओं के प्रेरणास्रोत मनराखन लाल साहू (ग्राम पटेल) का 13 जनवरी मंगलवार को प्रातः 7 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से ग्राम सहित संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे उनके निज निवास से निकाली गई।

# जून माह से पढ़ाई बाधित, पालकों ने स्कूल में की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला विकासखंड के ग्राम मचान्दूर पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ महिला शिक्षिका के छात्र-छात्राओं को पढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखाने के कारण विगत जून माह से शाला का पढ़ाई बाधित है, 17 जून को युक्तियुक्ति करण के तहत ज्वाइनिंग देने के बाद शिक्षिका आशा धृतलहरें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संरक्षण में तीन-तीन महीने के लिए मेडिकल लीव में अनफिट हो जाती है और एक दिन जॉइनिंग के लिए फिट हो जाती है।

स्कूल के इस गतिविधि से त्रस्त होकर आज लामबंद होते हुए मचान्दूर के पालक, महिला, पुरुष, युवा ग्रामीणों ने स्कूल में तालाबंदी कर सामने बैठ गए हैं।मिली जानकारी के अनुसार मचान्दूर मिडिल स्कूल में पदस्थ यूडीटी आशा धृतलहरे के संबंध में बताया गया कि 3 जून 2025 को युक्तिकरण के तहत शिक्षिका का पद स्थापना अंबागढ़ चौकी सोमसाय टोला स्कूल से मोहला मचान्दूर के लिए हुआ 16 जून को जॉइनिंग करने के बाद शिक्षिका के द्वारा बच्चों को पढ़ाने के बजाय 3 महीने का मेडिकल अवकाश ले लिया गया। विगत जून महीना से उक्त शिक्षिका के द्वारा तीन माह तक मेडिकल लीव में अनफिट बताया जाता है और जॉइनिंग के 1 दिन के लिए फिट हो जाती है जिसके चलते माचान्दुर पूर्व माध्यमिक शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं कि पढ़ाई बाधित हो गई है।

## शिक्षिका मेडिकल लीव में हो जाती है 3 महीने के लिए अनफिट, जॉइनिंग के लिए फिट

### पेट काट के ग्रामीण दे रहे मेहंताना

शिक्षा विभाग के संरक्षण में शिक्षिका के मेडिकल लीव में फिट अनफिट के खेल के बीच पालक और ग्रामीण प्रत्येक घर से 100 रूपए आपस में चंदा करके गांव के एक शिक्षित बेरोजगार युवा से स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ावा रहे हैं।



### विभाग छुट्टी नहीं कर रहा है स्वीकृत

मोहला विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण विभाग कोई छुट्टी स्वीकृत नहीं किया है। शिक्षिका स्वयं अनियंत्र जगह से मेडिकल सर्टिफिकेट बनाकर अनफिट और फिर फिट हो जाती है। इस सिलसिला को लेकर जांच की जाएगी।

### ग्रामीणों ने कहा जब पढ़ा नहीं सकती तो करें बर्खास्त

मेडिकल छुट्टी के खेल के बीच शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त शिक्षिका के द्वारा मेडिकल बोर्ड का किसी तरीके से प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। अनियंत्र जगह से फर्जी रूप से बनाए जा रहे हैं डॉक्टर का मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करती है। इधर ग्रामीणों ने साफ तौर पर अधिकारियों से मांग की है कि अगर शिक्षिका उनके बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ है तो उन्हें सीधे बर्खास्त करें।

### 1 दिन के लिए हो जाती है फिट

दस्तावेजों के मुताबिक स्कूल में पदस्थ शिक्षिका आशा धृतलहरें विगत 1 अक्टूबर 2025 से 13 जनवरी 2026 तक मेडिकल छुट्टी पर थी। जॉइनिंग के लिए उन्होंने एक दिन के लिए अपने आप को फिट बताते हुए विभाग के आदेश पर जॉइनिंग दी और पुनः 14 जनवरी से मेडिकल छुट्टी का आवेदन देकर स्कूल से नदारत हो गई।

## म्युनिस्पल स्कूल ग्राउंड बना खेल का केंद्र

# सांसद कप वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से वार्ड स्तरीय सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन मंगलवार 13 जनवरी को म्युनिस्पल स्कूल ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह उत्साह और खेल भावना से परिपूर्ण रहा।

उद्घाटन अवसर पर राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन बघेल, अध्यक्ष केंद्रीय सहकारी बैंक ने की। विशिष्ट अतिथियों में संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, श्रीमती अंजू त्रिपाठी, देवशरण सेन, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव, श्रीमती अमृता सिंह, मोनू बहादुर, सावन वर्मा, शिव वर्मा, राजा माखीजा एवं रवि सिंह मंच पर आसीन रहे।




### खिलाड़ियों में उत्साह

उपस्थित अतिथियों ने स्वयं क्रिकेट खेलकर प्रतीकात्मक रूप से मैच का शुभारंभ किया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया। आयोजन समिति प्रमुख हरीश शर्मा एवम् मुकेश शर्मा ने कहा कि वार्ड स्तरीय सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता केवल खेल नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, टीम भावना विकसित करने और स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश देती है। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

**पहले दिन के मैच परिणाम:** प्रतियोगिता के पहले दिन 13 जनवरी को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैचः वार्ड क्रमांक 01 बनाम 51, जिसमें वार्ड 51 विजयी रहा। दूसरा मैचः वार्ड क्रमांक 02 बनाम 50, जिसमें वार्ड 02 ने जीत दर्ज की।

### आयोजन समिति की सराहनीय भूमिका

इस विशाल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के प्रमुख हरीश शर्मा, अतुल रायजादा, प्रशांत काकरिया, हकीम खान, अरविंद बैद, आशीष डोंगरे, संजय लडवान, अरुण शुक्ला सहित पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही अशोक निर्मलकर, मुकेश शर्मा एवं मनोज निर्वाणी ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### युवाओं को नशे से दूर रखना उद्देश्यः सांसद

टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप युवाओं को मैदान की ओर आकर्षित कर उन्हें नशे से दूर रखना और स्वस्थ बनाना हमारा उद्देश्य है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न शहरों में फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी और क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने 51 वार्डों की भागीदारी वाली इस बड़ी प्रतियोगिता के लिए आयोजकों को बधाई दी।

## विधायक यशोदा की पहल पर 46.63 करोड़ की मिली स्वीकृति

**खैरागढ़।** विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में लगातार सक्रिय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के प्रयासों से विधानसभा को बजट 25-26 में जुड़े कार्यों



की प्रशासकीय स्वीकृति की बड़ी सौगात मिली है।

जानकारी अनुसार वर्ष 25-26 के बजट में शामिल जिले के विभिन्न विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है जिसमे विद्यमान सडक़ों के रोड सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट अनुसार सडक़ सुधार व सुरक्षा उपाय कार्य के लिए 163.04 लाख, विकासखंड खैरागढ़ के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खैरागढ़ पहुंच मार्ग लंबाई 2 किमी के लिए 158.41 लाख, राजनांदगांव कवर्धा मार्ग के किमी 51/10 राज्य मार्ग क्रमांक 5 पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 346.77 लाख, इसी मार्ग के किमी 55/10 में घिरघोली नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 434.85 लाख, राजनांदगांव-कवर्धा-पोंड़ी मार्ग के किमी 4/2 से 38/4-34.40 के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण कार्य, भू-अर्जन और युटिलिटी शिफ्टिंग कार्य को लेकर 1586.22 लाख, विकासखंड खैरागढ़ के करमतरा से घुमर्रा मार्ग लं 4 किमी के लिए 375.08 लाख, गण्डई से कृतबांस मार्ग में स्थित सुरदी पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 342.83 लाख, गण्डई-लिमों-दुल्लापुर मार्ग में स्थित कर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य को लेकर 382.05 लाख, खैरागढ़-अकरजन मार्ग मोती नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 686.56 लाख और जिला अंतर्गत राज्यमार्गों पर जंक्शन सुधार कार्य और आईआरसी के प्रावधानुसार क्रैश बेरियर कार्य के लिए 187.22 लाख रूपयो की बजट मे प्रशासकीय मंजूरी मिली है।

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि उक्त स्वीकृति से क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है वही निर्माण कार्य होने से न केवल ग्राम व वार्डवासियों को सुविधा होगी बल्कि क्षेत्र की सूरत भी बदल जाएगी।

## अटल डिजिटल सुविधा केंद्र करे तत्काल सक्रिय

**खैरागढ़।** प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र अंतर्गत ग्रामीणों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के उन ग्राम पंचायतों में जहां सुविधा केंद्र अब तक सक्रिय नहीं हो पाया हैं, वहां कार्यरत वीएलई को तत्काल प्रभाव से केंद्र सक्रिय करने कहा गया है। जिला पंचायत द्वारा संबंधित वीएलई को सूचित किया गया है कि वे अपने अपने ग्रापं में केंद्र शीघ्र प्रारंभ करना सुनिश्चित करें और यदि केंद्र संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आ रही हो तो उसकी जानकारी संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करे ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का सक्रिय होना ग्रामीणो को विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में




एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। जिले मे 145 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ करने का निर्देश मिला हैं इनमें 129 में केंद्र चालू हो गया है जबकि छुईखदान ब्लाक के बुढ़हानभाठ, गर्रा और लक्ष्मणपुर सहित खैरागढ़ ब्लाक के आमदनी, भरतपुर, गातापार जंगल, कलकसा, महरूमकला, मरकामटोला, पांडुका, पेंड्रीकला, सहसपुर, साल्हेभर्री और सिंगारपुर मिलाकर14 में प्रक्रिया लंबित है।

## ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले की ग्राम पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 15वें वित्त आयोग की आबद्ध निधि की राशि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के विशेष प्रयासों से जारी हो गई है। इससे आने वाले गरमी के मौसम में पेयजल सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यों को समय पर पूरा करने में ग्राम पंचायतों को राहत मिलेगी। जानकारी अनुसार जारी राशि से ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, मरम्मत कार्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी।

गौरतलब है कि इससे पूर्व दीपावली पर्व के अवसर पर मूलभूत योजना की प्रथम किश्त ग्राम पंचायतों को प्रदान की गई थी। वहीं पिछले माह दूसरी किश्त की राशि भी पंचायतों को भेजी जा चुकी है। इन निधियों के माध्यम से कई पंचायतों में आवश्यक विकास कार्य पहले से ही प्रारंभ हो चुके हैं।

### पंचायतों की मांग पर मिली स्वीकृति

ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा लंबे समय से पंचायतों में राशि भेजे जाने की मांग की जा रही थी। अब राशि जारी होने के बाद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों में उत्साह और हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि इससे रुके हुए विकास कार्यों को पुनः गति मिलेगी। उन्होंने राशि जारी होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की सकारात्मक सोच और सहयोग से ग्रामीण विकास को निरंतर मजबूती मिल रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार के सहयोग से ग्राम पंचायतों के विकास को लेकर समय-समय पर राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है और विकास कार्यों की स्वीकृति भी लगातार मिल रही हैं।

## राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाजार अतरिया

ब्लाक में राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में जिला प्रशासन, जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी और स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन में आयोजित शिविर मे कैंसर स्क्रीनिंग, अस्थि रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, जनरल मेडिसिन और आयुष स्पेशलिटी से संबंधित जांच और परामर्श दिया गया। कैंसर जांच परामर्श के लिए बालकों कैंसर सेंटर रायपुर से ऑनको सर्जन डॉ. श्रवण नाडकर्णी, डॉ. हेमलता साथ पहुंचे मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन के माध्यम से स्तन कैंसर जांच को लेकर कंप्यूटरीकृत मैमोग्राफी, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच को लेकर पैप स्मीयर परीक्षण और मुख कैंसर जांच के लिए बायोप्सी




की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि शिविर सरपंच सीमा गुणेश वर्मा, राज्य भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी प्रबंध मंडल सदस्य बिसेसर दास साहू की उपस्थिति में हुआ। सोनपुरी, दुल्लापुर सहित आसपास के 469 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। 244 मरीजों ने एलोपैथी, 225 ने आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया।

अस्थि रोग के 41, दंत रोग के 15, नेत्र जांच के 37, त्वचा रोग के 25 मरीजों की जांच की गई वहीं 35 लोगों का हीमोग्लोबिन परीक्षण और 16 की सिकलिंग जांच की गई जिसमें 2 मरीज सिकलिंग पॉजिटिव पाए गए। जांच उपरांत एक मरीज को चश्मा दिया गया।

### 226 महिलाओं की स्तन केंसर की जांच

विशेष कैंसर स्क्रीनिंग अंतर्गत 226 महिलाओं की स्तन कैंसर जांच की गई जिनमें से 13 की एडवांस मैमोग्राफी की गई। वहीं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग पश्चात 9 महिलाओं का पैप स्मीयर परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक उपचार व परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, डीपीएम सोनल ध्रुव, बीपीएमआकाश कुमार तंबोली के मार्गदर्शन में आरएमए मृदुला यादव सिद्दकी, आरएचओ सनत कुमार, डॉ बोधन परते, डॉ अनम फातिमा, डॉ प्रसन्न कुमार प्रधान, डॉ. श्रुति जैन, डॉ रणजीत सिंह देशमुख, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों का योगदान रहा। शिविर में आने जाने आसपास के गॉवों में विभाग द्वारा वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी।

## गलत जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वाले 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- अस्पताल स्टाफ से मिलीभगत का मामला

अवैध रूप से दत्तक ग्रहण करने एवं मिली भगत कर गलत जानकारी देकर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व दम्पति पर कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूर्व में नाबालिक से जन्मे बच्चे को अवैध रूप से दत्तक ग्रहण कर अस्पताल स्टाफ से मिली भगत कर गलत जानकारी देकर नगर निगम से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में आरोपी दंपति को एवं विधि से संघर्षरत बालक को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है।

इसी मामले में जुटाए गए साक्ष्य के आधार पर अस्पताल के संलिप्त स्टॉफ जिनके द्वारा जानकारी होते हुए भी कि वह बच्चा आरोपी दंपति का नहीं है एवं अस्पताल में डिलीवरी नहीं हुई है स्टाफ के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अपराधिक संयंत्र कर गलत जानकारी नगर निगम में अस्पताल के माध्यम से प्रेषित कर सर्टिफिकेट बनवाने में सहयोग किया गया। बोरतालाब पुलिस के अनुसार इस मामले में निजी चिकित्सालय में कार्यरत दीपिका यादव, सैमुअल धोके एवं गेशु देवांगन ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग किया। आरोपियों द्वारा पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया व गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**खबर संक्षेप**

### आज शाम पेयजल आपूर्ति बाधित

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा टंकी सफाई करने की कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत टांकाघर नया आससीसी टंकी की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण टांकाघर नया आरसीसी टंकी स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से टांकाघर नया आरसीसी टंकी से 15 जनवरी गुरूवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में 15 जनवरी गुरूवार को टांकाघर नया आरसीसी टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि टांकाघर, नया आरसीसी टंकी सप्लाई क्षेत्र टांकापारा, जी.ई. रोड़, पुराना सिविल लाईन, सारंगपानी चाल, बल्देवबाग, पुराना रेस्ट हाउस, स्टेशनपारा वार्ड नं. 14 में कल 15 जनवरी गुरूवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 16 जनवरी को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी।

### संभाग स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 25 को

फोटो सिंगल सतनाम 14 जनवरी

राजनांदगांव। जिला सतनामी सेवा समिति पं क्र 5041 की ओर से सतनाम भवन में 25 जनवरी को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों के लिए संभाग स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
आयोजन समिति अध्यक्ष युवराज दास ढिरहेर, उपाध्यक्ष कमलेश्वर साडे ने बताया कि आयोजन का प्रसारण वॉट्सएप एवं सोशल मीडिया के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे राज्य भर में किया जाएगा। पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर अविवाहित नवयुगल प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला/ पुरुष भी पंजीयन करवा सकेंगे। पंजीयन शुल्क 300/- रूपये रखा गया है।
कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाई जा रही है जहां अनेकों विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनात रहेंगे जो परामर्श के साथ चिकित्सीय लाभ पहुंचायेंगे। सभी आगंतुओं के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। सम्मेलन के 30 दिवस पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा वैवाहिक पत्रिका में प्रकाशित कर उसे निःशुल्क आवंटित किया जाएगा।

### 10 मिनट डिलीवरी पर रोक, व्यापारियों की जीत

राजनांदगांव। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जब मुद्दा देश के व्यापारियों, उपभोक्ताओं और डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा से जुड़ा हो, तो कैट की आवाज़ निर्णायक होती है। केंद्र सरकार द्वारा 10 मिनट डिलीवरी मॉडल पर लगाई गई रोक, कैट द्वारा वर्षों से की जा रही चेतावनियों, संघर्ष और निरंतर प्रयासों की बड़ी जीत मानी जा रही है।
संगठन का स्पष्ट कहना था कि अत्यधिक तेज़ डिलीवरी का दबाव डिलीवरी कर्मियों की जान के लिए खतरा बन रहा है, वहीं स्थानीय व्यापार और पारंपरिक रिटेल व्यवस्था को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है।
राजनांदगांव कैट ने जताया आभार
राजनांदगांव जिला कैट के पदाधिकारियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह

**निधन**

### विष्णु सिंह राजपूत



**राजनांगांव।** दुर्ग निवासी विष्णु सिंह राजपूत का गत दिनों निधन हो गया। कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग मुक्तिधाम में किया गया। वे अधिवक्ता राकेश सिंह राजपूत, भोरमपुर खैरागढ़ वाले के चाचा थे।

## जिला कांग्रेस के ग्रामीण व शहर अध्यक्ष ने ली बैठक

# मनरेगा पर हमले के खिलाफ 17 को रैली कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे अगुवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कांग्रेस पार्टी द्वारा संचालित मनरेगा बचाओ अभियान को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के 17 जनवरी को संभावित राजनांदगांव आगमन को लेकर राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम भर्रेगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने किया।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि मजदूर और किसान विरोधी नीतियों के चलते मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। यह सीधे तौर पर श्रमिकों के अधिकारों पर हमला है।

प्रदेश अध्यक्ष के प्रस्तावित दौरे एवं रैली को सफल बनाने हेतु संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान तथा आंदोलन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित चंद्राकर सहित संगठन के पदाधिकारी दिलीप चंद्राकर, वेद दाऊ, झन्ना साहू, सुभाष चंद्राकर, पोषण सिन्हा, युगल सिन्हा, वीनू साहू, सत्यम चंद्राकर, एकता चंद्राकर, संजू यादव, भेष साहू, वेनस निर्मलकर, सियाराम कुंभकार, रोहित निषाद, लक्की चंद्राकर, मेघा चंद्राकर, हेमशंकर साहू के साथ ही हेमंत साहू, हेमंत धीवर, महेश दिवाकर, टुम्मन निषाद, धर्मेन्द्र साहू, एकदास साहू, सुग्रीव साहू, हुलासी धीवर, सावन पटेल, तजेंद्र वैष्णव, हिमांचल तिवारी एवं किशोर तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सड़क से सदन तक संघर्ष: जीतू**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के खिलाफ किए गए नकारात्मक बदलावों के विरोध में सड़क से सदन तक संघर्ष के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता को इन जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएं।

**रैली का आयोजन**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आगमन पर मनरेगा में किए गए नकारात्मक परिवर्तनों के विरोध में जन-जागृति लाने एवं आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम भर्रेगांव से सुरगी तक एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसका प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे।

## ढाबा में हंगामा करने वाले दो फरार आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ढाबा में गाली गलौज कर हंगामा करने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 नग धारदार चाकू व हॉकी स्टिक जप्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दुर्ग निवासी शाहरूख, इजू इरानी, मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं मुकेश सभी उसके ढाबा (हाईवे ढाबा देवादा) में आये और फोन में मेरे भाई को गाली दिये हो कहकर माँ बहन की अश्लील गाली गलौच कर रहे थे। शाहरूख अपने हाथ में हॉकी स्टीक तथा इजु इरानी अपने हाथ मे चाकू रखा था और गाली गलौच कर ढाबे मे हंगामा कर चाकू एवं हांकी स्टीक लहराते हुए कुछ देर तक ढाबा में घुमे फिर चले गये।

उक्त चारों लोग मुझे अश्लील मां बहन की गाली गलौज कर जान से मारने कि धमकी देकर हाथ में हॉकी स्टीक और चाकू लहराते हुए मेरे हाइवे ढाबा मे आये थे। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**चाकू, हॉकी स्टीक बरामद**

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम गठित कर आरोपी मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं शाहरूख हुसैन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। प्रकरण में फरार आरोपी

इस्लाम अलि उर्फ इज्जू ईरानी 34 साल निवासी ईरानी डेरा वार्ड केलाबाड़ी दुर्ग, मुकेश नेताम उर्फ भांजा 20 साल निवासी बुढ़ादेव मंदिर सिविल लाईन दुर्ग थाना दोनों को गिरफ़्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग मोपेड, 1 नग धारदार चाकू एवं 1 नग हॉकी स्टिक को जप्त किया गया है।आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

## आज के युवा ही कल के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेंगे: महापौर मधुसूदन

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद जी ने देश के युवाओं का आव्हान करते हुए कहा था कि उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति होने तक मत रूको। स्वामी की जयंती को युवा दिवस के रूप मनाते हुए हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सफलता के लिये कठिन परिश्रम करें क्योंकि आज के युवा ही कल के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेंगे। उक्त उदगार महापौर मधुसूदन यादव ने एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर में मुख्य वक्ता की आसंदी से व्यक्त किया।



ऊर्जा पार्क में युवा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र युवा मंच की टीम आयोजन सहयोगी के रूप में मौजूद रही। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता महापौर मधुसूदन का अभिभाषण आकर्षण का विशेष केन्द्र रहा और आयोजन में अंत तक युवाओं को बांधे रखा। अध्यक्षता श्रीमती मोनिका दास ने की, और विशेष अतिथि के रूप में पार्षदगण सावन वर्मा, मनोहर यादव, कमलेश बंधे, कुलेश्वर ध्रुव, आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, सतीश साहू, चंद्रकृत साहू सहित कार्यक्रम अधिकारीगण एस आर कन्नौजे, श्रीमती करुणा रावटे, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, भानुप्रताप वर्मा, धनेश राम कटघरे, श्रीमती सुनीता धुर्वे, भारतेंदु वर्मा उपस्थित रहे । इस आयोजन में युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया तथा कैरियर मार्गदर्शन परीक्षा मे सम्मिलित हुए स्वयंसेवकों व एनएसएस इकाई के राष्ट्रीय राज्य स्तर शिविर मे सम्मिलित स्वयंसेवकों का भी सम्मान किया गया जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय, कमला कॉलेज, साइंस कॉलेज, गंडई, अम्बागढ़ चौकी, डोंगरगांव,, डोंगरगढ़, घुमका महाविद्यालय, सुकूलदैहान स्कूल, डॉ बलदेव प्रसाद स्कूल बसंतपुर के 270 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## शिक्षकों के मोबाइल से उपस्थिति लेना निजता का हनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने विद्यालयों में मोबाइल नेट सुविधा व बायोमेट्रिक पंच मशीन उपलब्ध कराए जाने का मांग करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल एप से दर्ज कराने का निर्णय व्यवहारिक नहीं है। यह शिक्षकों की निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है।

निजी मोबाइल के माध्यम से उपस्थिति लेना अत्यंत आपत्तिजनक है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रांतीय इकाई ने स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक , जेडी दुर्ग को पत्र भी प्रेषित किया है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि शिक्षकों के निजी मोबाइल से शासकीय उपस्थिति दर्ज कराना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। यदि शासन को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है, तो प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक पंच मशीन एवं स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

**शासकीय कार्य हेतु लैपटॉप प्रदान करने मांग**

फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव मंजू देवी देवांगन, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष ललित प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अतुल कुमार यद्धु, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ ढुफारे, जिला महासचिव बंदीश नेम पांडे, भरतलाल साहू सहित अन्य ने कहा है कि शासकीय कार्य हेतु प्रत्येक स्कूल को एक लैपटॉप प्रदान किया जावे। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षक किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना वित्तीय सुरक्षा व विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है।

**बायोमेट्रिक मशीन की मांग**

फेडरेशन ने कहा कि शासकीय कार्यों के लिए शिक्षकों को निजी मोबाइल का उपयोग करने के लिए विवश किया जा रहा है, जिससे उनके व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। जिले में कई शिक्षक साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं। फर्जी डीपीआई अधिकारी, पुलिस अधिकारी या बैंक अधिकारी बनकर कॉल कर शिक्षकों को ठगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में निजी मोबाइल पर शासकीय एप का दबाव शिक्षकों को और अधिक वित्तीय जोखिम में डालता है। जिला पदाधिकारियों ने शासन से मांग किया है कि प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## कुकर्म का आरोपी पकड़ा गया

- बसंतपुर के सहयोग से छुरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 12 जनवरी को थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को जिला अस्पताल राजनांदगांव से एक अस्पताली मेमो प्राप्त हुआ, जिसमें एक नाबालिग पीड़िता 15 वर्ष की डिलेवरी होकर इलाजरत है। मेमो जांच दौरान पीड़िता के पिता के द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र दिया। जिसमें आरोपी कोमल साहू के द्वारा उसके नाबालिग लड़की 15 वर्ष को शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया जिससे उसकी लड़की गर्भवती होकर एक पुत्री को जन्म दिया है। शिकायत पर प्रथम दृष्टया धारा 64(2) (एम), 65(1) बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर बिना नंबरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का मूल घटना स्थल थाना छुरिया जिला राजनांदगांव का होने से प्रारंभिक विवेचना बाद असल नंबरी अपराध पंजीबद्ध हेतु थाना बसंतपुर से केस डायरी थाना छुरिया प्राप्त होने पर थाना छुरिया में असल नंबरी का उक्त धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी पर कार्रवाई**

इस मामले में थाना बसंतपुर के सहयोग से छुरिया पुलिस के द्वारा मामले में विवेचना त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी कोमल साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम आटरा थाना छुरिया का पता तलाश किया। पूछताछ पर अपराध घटित करना पाए जाने पर 14 जनवरी को विधिवत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## शतरंज स्पर्धा में जुट रहे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में किया जा रहा है इसमें राजनांदगांव का कवर्धा, कोरिया, रामाटोला, गंडई, खैरागढ़ की टीमें में भाग ले रही है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अतुल रायजादा के साथ प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अनिता महिश्वर, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, पी.के.हरी, दीपक परगनिहा रजिस्ट्रार, डॉक्टर मुन्नालाल नंदेश्वर तथा अनिता नायर उपस्थित थे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रारंभ में डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि शतरंज खिलाड़ियों को एकाग्रता स्मरण शक्ति और तार्किक सोच मजबूत करता है वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाड़ी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अनिता महिश्वर ने कहा कि शतरंज के खेल में योजना बनाने जोखिम समझने और सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। मुख्य अतिथि अतुल रायजादा ने कहा कि शतरंज में उम्र कद काठी या शारीरिक शक्ति का कोई विशेष महत्व नहीं होता सबकी प्रतिभागियों को समान अवसर मिलता है सेक्टर स्तर पर चयनित खिलाड़ी भाग राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। प्रतियोगिता के पहले दौर में पुरुष वर्ग में दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रथम, डोंगरगढ़ द्वितीय, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय तृतीय तथा कवर्धा महाविद्यालय चतुर्थ स्थान पर है।

## शासकीय कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन करवाने कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर राजनांदगांव जितेंद्र यादव के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 6 जनवरी को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार शासकीय कर्मचारियों में यातायात नियमों के पालन हेतु कार्रवाई की जा रही है। इसी निर्देश के परिपालन में 14 जनवरी को कलेक्ट्रेट के सामने प्रातः काल शासकीय कर्मचारियों के हेलमेट एवं सीटबेल्ट उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 18 कर्मचारियों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिनमें 16 प्रकरण हेलमेट न पहनने एवं 2 प्रकरण सीटबेल्ट न लगाने के पाए गए। साथ ही कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति सतत जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एनबीआईएस बोरी में धूमधाम से मना मकर संक्रांति पर्व

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में मकर संक्रान्ति पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला में पतंगबाजी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा में कक्षा आठवीं, नवमी व ग्यारहवीं के छात्रों ने अपनी पतंगबाजी कला का अनोखा परिचय दिया।



शाला परिवार में पहली बार हुए इस पतंगबाजी प्रतिस्पर्धा में बच्चों की उत्सुकता देखते बनी। प्रतिभागी बच्चों ने तरह-तरह के एक से बढ़कर एक रंग बिरंगे पतंगों से शाला प्रांगण को रंगमय कर दिया। बच्चों के उत्साह को देखते हुए शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी भी स्वयं बच्चों के साथ पतंग उड़ाते दिखे। बच्चों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए श्री बाजपेयी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों का विशेष महत्व है और उसमें मकर संक्रांति पर्व हमारे जीवन में एक ऋतु से दूसरे ऋतु के बदलाव को दर्शाता है और शीत ऋतु से बसंत ऋतु के आगमन का संकेत देती है। सूर्य के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करती है।

## 5000 दीपों से जगमगाया स्वामी विवेकानंद चौक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा संस्कारधानी राजनांदगांव में स्वामी विवेकानंद चौक में, स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समीप एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 5000 दीप प्रज्वलित कर युवाओं ने राष्ट्रसेवा,आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक दायित्व का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं नगरवासियों की उपस्थिति में 5000 दीपों की प्रकाशमय श्रृंखला से संपूर्ण चौक आलोकित हो उठा। दीपों की यह रोशनी स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाशक्ति एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक बनी।कार्यक्रम के समय संस्कार ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीत प्रजापति,प्रतीक गढ़वाल, नगर सह मंत्री सुश्री निकिता श्रीरंगें, भूपेंद्र पाल, नगर महाविद्यालय प्रमुख जीत शर्मा, सह प्रमुख वेणुका, नगर एसएफडी प्रमुख कुलदीप पाल, नगर एसएफएस प्रमुख चैतन्या द्विवेदी, राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख युक्ता मंडावी, सह प्रमुख प्रिया , मोहित साहू ,आलोक,मितेश,भावेश पवार,सहित दिग्विजय महाविद्यालय, शिवनाथ साइंस महाविद्यालय, कमला कॉलेज एवं एसटी हॉस्टल राजनांदगांव के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**संगठित होकर करे समाज सेवा: कोमल**

कार्यक्रम में अभाविप के स्थाई कार्यकर्ता कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। आज का युवा यदि चरित्र, अनुशासन और सेवा भाव को अपनाए, तो राष्ट्र का भविष्य सशक्त बन सकता है। उन्होंने युवाओं से संगठित होकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।अभाविप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं स्थाई कार्यकर्ता विष्णु साव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

**राष्ट्रप्रेम जागृत करने का दिन: अक्षत**

नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम को जागृत करने का पर्व है। 5000 दीपों का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि जब युवा अपने भीतर सेवा और संस्कार का दीप जलाते हैं, तब समाज सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ता है। जिला संयोजक धनंजय पांडेय ने कहा कि एबीवीपी युवाओं को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का निरंतर कार्य कर रही है।

## दो दिवसीय सत्संग समारोह सम्पन्न

**राजनांदगांव।** देहदान सेवा समिति के संयोजक ग्राम रातापायली, निवासी पुनारद दास साहू के प्रांगण में 10 एवं 11 जनवरी को सत्संग समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संत शीलेन्द्र साहेब बड़ोदरा (गुजरात), संत जितेन्द्र साहेब सुंदरा, संत ईश्वर साहेब एवं अन्य संत (राजस्थान) देहदानी संतगण संत देवेन्द्र साहेब, संत विजय साहेब, संत विवेक साहेब, संत नियम साहेब उपस्थित रहे। सभी संतों ने सदगुरू कबीर के विचारों के साथ देहदान की आवश्यकता एवं महत्व पर भी चर्चा किए।

कार्यक्रम में सभी देहदानियों का सम्मान पत्र एवं गमछा देकर सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी बरिष्ठ महिला एवं पुरूषों को गमछा देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देहदानी डॉ.गजेन्द्र हरिहारनों जो व्याकरण में पीएचडी किये है, साथ ही छत्तीसगढ़ी फिल्मों के कलाकार, गीतकार और दो विषयों में गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड विजेता हैं ने किया। हारमोनियम पर देहदानी तोषदास साहू जो अन्य भजनों के साथ छत्तीसगढ़ी में-भजन गाकर उपस्थित लोंगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। तबले पर मनसूख दास एवं मंजीरे पर देहदानी पतराम साव ने समा बांधा।

## सार समाचार

### खेलों में अनुशासन और मेहनत जरूरी - अतुल

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों का चयन स्पर्धा आयोजित की गई। इस चयन प्रथा में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय पीजी महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय विश्वनाथ तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग, रतनचंद सुराना कॉलेज दुर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि खेल मानव जीवन का एक अहम हिस्सा है। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा ने कहा कि खेलों में अनुशासन और मेहनत जरूरी होता है। हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है, इसका जीवन में काफी महत्व है। आज हॉकी में करियर की अच्छी संभावनाएं है। कार्यक्रम का संचालन अरूण चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. शैलेंद्र सिंह, पीके हरि, परेश वर्मा, प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, अजय लांजेवर, विकास वैष्णव, राष्ट्रीय अंपायर शकील अहमद, दुर्गा प्रसाद जघेल, रामू पाटिल तथा आयुष साहू उपस्थित थे।

### अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव ।** राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से राजनांदगांव जिले कलेक्टर से यह मांग की है कि जिस तरह आपके द्वारा शहर की जनता और शासन हित में शासन के नियम विरूद्ध अवैध प्लांटिंग कर अवैध कालोनी आदि निर्माण करने वाले भूमि स्वामी/ भू-माफियाओं आदि के खिलाफ जो अंधाधूंध कार्यवाही हो रही है उससे शहर की जनता काफी खुश है। श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर जितेन्द्र यादव से मांग की है कि संबंधित अनेक विभागों के कुछ पटवारी, आरआई आदि अधिकारियों एवं नगर पालिक निगम की भवन अनुज्ञा शाखा के प्रभारी अधिकारी और आयुक्त के हस्ताक्षर से पूर्व में अवैध प्लांटिंग एवं शासन के नियम विरूद्ध कालोनी आदि से संबंधित जो नोटिसे निगम आयुक्त, भवन अधिकारी के द्वारा जिन-जिन धाराओं के अंतर्गत पिछले 7 वर्षों में जो जारी की गई है उसे देखेंगे तो इस भ्रष्टाचार मिली भगत सामने आ सकती है।



### 58 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी

**राजनांदगांव।** जिले में मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाने कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, दवाई, उपचार के लिए विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं के घर प्रति दिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। विकासखंड एवं शहरी क्षेत्र से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सेंटर लाए जाने हेतु निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से कुल 58 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया। जिसमें सुंदरा अस्पताल में घुमका विकासखंड के 17, हाईटेक डायग्नोस्टिक में डोंगरगांव विकासखंड के 10, भारत डायग्नोस्टिक में डोंगरगढ़ विकासखंड के 12, विधि डायग्नोस्टिक में डोंगरगढ़ शहरी क्षेत्र के 5 व ग्रामीण क्षेत्र के 4, आरडीसी डायग्नोस्टिक में छुरिया शहरी क्षेत्र के 4 व ग्रामीण क्षेत्र के 6 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी कराया गया। जिले में अब तक कुल 1775 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं है। जिसमें 1725 का सोनोग्राफी किया जा चुका है, शेष 50 महिलाओं का सोनोग्राफी शनिवार को किया जाएगा।



### दर्शनशास्त्र के परीक्षार्थी दे सकेंगे प्राइवेट की परीक्षाएं

**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय (विवि) दुर्ग द्वारा आयोजित सत्र 2025 - 26 की दर्शनशास्त्र स्नातकोत्तर प्राइवेट के परीक्षार्थियों से दिग्विजय कॉलेज केन्द्र के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय के वेबसाईट के माध्यम से मुख्य (वार्षिक) परीक्षा 2026 हेतु परीक्षा आवेदनफार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निर्धारित की गई हैं।
दक्षिण कोसल मीडिया के अथक प्रयास और विवि की गंभीरता ने इस वर्ष से हेमचंद विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र स्नातकोत्तर प्राइवेट (अमाविद्यालयीन) पूर्व व अंतिम की परीक्षाएं इसके स्वशासी दिग्विजय महाविद्यालय,राजनांदगांव में निर्धारित फीस और तिथियों में जमा करना सुनिश्चित कर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय ने इसके अलावा विश्वविद्यालय स्नातक द्वितीय वर्ष(भूतपूर्व/पूरक) अंतिम अवसर, तृतीय वर्ष (नियमित/अमहावद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक), एम.फिल., पीजी डिप्लोमा परीक्षा, बी.लिब., बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. एवं स्नातकोत्तर के परीक्षार्थियों से ऑनलाईनपद्धति से विश्वविद्यालय के निर्धारित वेबसाईट के माध्यक से मुख्य(वार्षिक) परीक्षा 2026 हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं शुल्क जमाकरने की तिथि घोषित हो चुकी हैं।

# छुट्टी में एसडीओ, सब इंजीनियर को प्रभार से अटके निर्माण काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर सहित ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए राज्य शासन भले ही करोड़ों रूपए की राशि जारी कर रहा है, लेकिन पीडब्ल्यूडी महकमे में मची भर्राशाही के चलते सभी प्रोजेक्ट अधर में लटक गए है। पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ एक महिला एसडीओ के आए दिन अवकाश में रहने के कारण एक सब इंजीनियर को प्रभार दे दिया गया है। यहीं कारण है कि महकमे का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और कई प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पा रहे है। इस मामले की शिकायत राज्य शासन स्तर पर भी किए जाने की तैयारी है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने पिछले दो सालों में शहर सहित जिले भर के कई बड़े प्रोजेक्ट को न केवल बजट में शामिल कराया है बल्कि विकास कामों के लिए भी राशि की तत्काल स्वीकृति करा दी है। सभी प्रक्रिया के पूरा होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी महकमा काम शुरू नहीं करा पा रहा है। बताया जाता है कि विभाग में पदस्थ एक महिला एसडीओ आए दिन अवकाश पर रहती है। ऐसी चर्चा है कि राजधानी में संचालित एक कोचिंग सेंटर में उनकी व्यस्तता अधिक होने के कारण वे सरकारी कामों में ज्यादा रुचि नहीं दिखा रही है। महिला एसडीओ के आए दिन अवकाश पर रहने के कारण विभाग ने एक सब इंजीनियर को प्रभारी एसडीओ नियुक्त कर दिया है। सब इंजीनियर को प्रभार दिए जाने के चलते विभागीय कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। यहीं कारण है कि शहर में जिन बड़े प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिल चुकी है वे काम आज पर्यन्त तक शुरू नहीं हो पा रहे है। यहीं नहीं ग्रामीण अंचल की सड़कों के निर्माण का काम भी शुरू नहीं हो सका है।



#### शासन से शिकायत

शहर सहित जिले भर के कई प्रोजेक्ट के लंबे समय से अटकने से नाराज भाजपा नेताओं ने इस मामले की शिकायत राज्य शासन से भी की है। बताया जाता है कि नेताओं ने विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात कर किसी नए एसडीओ को यहां पदस्थ करने की मांग की है।

#### मॉनिटरिंग भी नहीं

पीडब्ल्यूडी महकमे की महिला एसडीओ के आए दिन अवकाश पर रहने के कारण निर्माण कामों में गुणवत्ता की मॉनिटरिंग भी नहीं हो पा रही है। यहीं कारण है कि ठेकेदार अपने स्तर पर भी गुणवत्ताहीन काम करने में जुटे हुए है। विभागीय अफसरों का कहना है कि अफसर के अवकाश पर होने के कारण फील्ड के काम भी प्रभावित हो रहे है।

## देशभर के प्रतियोगिता में पहुंचे खिलाड़ियों ने दिखाया रोमांचक मैच

# नेशनल स्कूल गेम: सेमीफाइनल में पहुंची मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें देश के 27 राज्य एवं 9 शैक्षणिक संस्थान सहित कुल 36 बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के तीसरे एवं चौथे दिन खेले गये प्री-क्वार्टर व क्वार्टर फायनल मैचों में मेजबान छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, सीबीएसई, दिल्ली, पंजाब, सीबीएससीडब्लूएसओ, तमिलनाडू, चण्डीगढ़ की टीमों ने अपने मैच जीतकर प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ के बालक व बालिकाओं की टीम सेमीफायनल में जगह बना ली है।
दिग्विजय स्टेडियम एवं अन्य खेल मैदानों में खेली जा रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन संध्या में प्री-क्वार्टर फायनल मैच खेले गए जिसमें बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश ने केवीएस को 49-41 अंकों से, केरल ने पश्चिम बंगाल को 52-36 अंकों से, सीबीएसई ने झारखण्ड को 45-15 अंकों से, मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 55-46 अंकों से, महाराष्ट्र ने हरियाणा को 54-43 अंकों से तथा बालक वर्ग में तमिलनाडू ने तेलंगाना को 89-49 अंकों से, दिल्ली ने चण्डीगढ़ को 64-29 अंकों से, केवीएस ने गुजरात को 60-48 अंकों से, मध्यप्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 42-14 अंकों से, सीबीएससीडब्लूएसओ ने राजस्थान को 47-38 अंकों से, महाराष्ट्र ने संघर्षपूर्ण व रोमांचक मुकाबलें में सीआईएसई को 47-46 अंकों से हराकर क्वार्टर फायनल में जगह बनाई थी।



#### खिलाड़ियों को रास आई व्यवस्था

प्रतियोगिता में कॉमन मेस की बेहतर व्यवस्था की गई है जिसमें एसजीएफआई द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार खिलाड़ियों को भोजन दिया जा रहा है। चण्डीगढ़ के कोच नरेन्दर सिंह के द्वारा स्वयं एवं खिलाड़ियों के भोजन से पूरी तरह संतुष्ट बताया गया है। जम्मू-कश्मीर के दल प्रबंधक बिलाल अहमद भट्ट ने भी बताया है कि यहां की मेजबानी सदैव से ही अच्छी रहीं है। उड़िसा के कोच एव दल प्रबंधक श्री देवा ने बताया कि वें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में यहां की आवास, भोजन एवं परिवहन व्यवस्था उत्तम दर्जे की है।

#### समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का 15 जनवरी को सुबह 11 बजे दिग्विजय स्टेडियम में प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेशदत्त मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

#### छग से एमपी को किया पराजित

प्रतियोगिता के क्वार्टर फायनल मैच 14 जनवरी को सुबह खेला गया। जिसमें बालिका वर्ग में सीबीएसई ने मध्यप्रदेश को 45-20 अंकों से, महाराष्ट्र ने केरल को 54-28 अंकों से, दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को 55-31 अंकों से, मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने चण्डीगढ़ को 74-60 अंकों से हराकर सेमीफायनल में जगह बनाई। वही बालक वर्ग के सेमीफायनल दिल्ली ने महाराष्ट्र को 64-29 अंकों से, पंजाब ने कड़े मुकाबले में तमिलनाडु को 69-66 अंकों से, मेजबान छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को 35-19 अंकों से पराजित किया। प्रतियोगिता का फायनल मैच 15 जनवरी को सुबह 7:35 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में खेला जायेगा।

### गलत जानकारी देकर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में 3 गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से दत्तक ग्रहण करने एवं मिली भगत कर गलत जानकारी देकर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व दम्पति पर कार्रवाई की जा चुकी है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार पूर्व में नाबालिक से जन्मे बच्चे को अवैध रूप से दत्तक ग्रहण कर अस्पताल स्टाफ से मिली भगत कर गलत जानकारी देकर नगर निगम से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में आरोपी दंपति को एवं विधि से संघर्षरत बालक को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। इसी मामले में जुटाए गए साक्ष्य के आधार पर अस्पताल के संलिप्त स्टॉफ जिनके द्वारा जानकारी होते हुए भी कि वह बच्चा आरोपी दंपति का नहीं है एवं अस्पताल में डिलीवरी नहीं हुई है स्टाफ के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अपराधिक संयंत्र कर गलत जानकारी नगर निगम में अस्पताल के माध्यम से प्रेषित कर सर्टिफिकेट बनवाने में सहयोग किया गया। बोरतालाब पुलिस के अनुसार इस मामले में निजी चिकित्सालय में कार्यरत दीपिका यादव, सैमुअल धोके एवं गेशु देवांगन ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग किया। आरोपियों द्वारा पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया व गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### पेयजल की समस्या का समाधान प्रत्येक घरों में पहुंचा शुद्ध पेयजल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जल जीवन मिशन के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत परसबोड़ के आश्रित ग्राम पचपेड़ी में नलों के माध्यम से प्रत्येक घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्राम पचपेड़ी में उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कराया गया है।
ग्राम की निवासी श्रीमती हीराबाई साहू ने बताया कि ग्राम की भूमि पथरीला होने के कारण पेयजल की विकट समस्या थी। इसके साथ ही ग्राम में शुद्ध पेयजल के कुछ ही स्त्रोत उपलब्ध थे, जो हैण्डपंपों के माध्यम से प्राप्त होता था। ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की स्थिति भी देखने को मिलती थी। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत नलों के माध्यम से प्रत्येक घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने से ग्रामीण जीवन में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। ग्राम में पेयजल की समस्या का समाधान होने से ग्रामीण महिलाओं को अपने दैनिक जीवन में कार्यों में सहुलियत हो रही है। श्रीमती हीराबाई साहू ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम के घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शराब बिक्री, महिला कोचिए से 18 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपिया से 18 पौव्वा शराब बरामद किया गया है। पुलिस चौकी सुकुलदैहान के क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर पेट्रोल पंप के पास झोपड़ीनुमा दुकान में रेड कर एक महिला के कब्जे से 18 पाव देशी मदिरा तथा बिक्री की नगदी 350 रुपये जब्त की गई। उक्त महिला को शराब बेचते हुए पकड़ा गया, उसे गिरफ्तार किया गया।

### भूमिपूजन 17 जनवरी को

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज पारिवारिक मिलन युवक युक्ति परिचय सम्मेलन एवं भुमि पूजन समारोह श्रीराम मंदिर बर्फानी धाम पुराना टिकरापारा खैरागढ़ में रखा गया। मुख्यतिथि लखन लाल देवांगन कैबिनेट वाणिज्य मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल कैबिनेट मंत्री अध्यक्षता करेंगे। संतोष पांडे सांसद विशिष्ट तिथि के रूप में, यशोदा नीलाम्बर वर्मा, युवराज सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष, दीपक सिन्हा होंगे। उक्त जानकारी सिन्हा समाज के महामंत्री शिवराज सिन्हा ने दी।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय अंबागढ़ चौकी में एक और छात्रा ने की आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय मे गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। बुधवार शाम 5 बजे के लगभग विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययनरत एक और 16 वर्षीय आदिवासी छात्रा ने फिनायल पीकर अपने आप को मारने का प्रयास किया है। यह छठवें दिन में आत्महत्या के प्रयास का दूसरा मामला है, जिसने विद्यालय प्रशासन, निगरानी तंत्र और आदिवासी छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।
घटना के तुरंत बाद छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंबागढ़ चौकी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बीएमओ डॉ. ध्रुवे ने पुष्टि की है कि छात्रा खतरे से बाहर है बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब आवासीय विद्यालय एकलव्य में अध्यनरत मोहला थाना क्षेत्र के एक छात्रा के द्वारा बीते गुरुवार को अध्यापन समय में आत्महत्या का प्रयास किया गया इसके अलावा छात्रों को छोटी मोटी गलती पर नंगा करके क्रिकेट स्टंप टूटते तक मारने, हीन भावना और हैवानियत की प्रकाष्ठा पार कर देने को लेकर मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर तूलिका प्रजापति के निर्देश में प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम सोमवार को विद्यालय पहुंची थी।
जांच टीम अभी इस संवेदनशील मामले में एक कदम भी जांच करवाई को आगे नहीं बढ़ा पाई है कि यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है। पूरे मामले को स्कूल परिसर के भीतर दबाए जाने को लेकर सहायक आयुक्त संजय कुर्रे की भूमिका में लगातार एकलव्य प्रशासन सच्चाई को सामने आने नहीं दे रहा है।




#### शिकायत बयान की फाइल हुई गायब

विगत कई दिनों से छात्रों के साथ अमानवीय घटना घटित हो रही है जिसकी लिखीत शिकायत और बयान मासूम छात्रों ने हॉस्टल वार्डन, प्राचार्य तथा सहायक आयुक्त संजय कुर्रे को दिया। एक्शन लेने के बजाय शिकायत की पूरी फाइल सहायक आयुक्त कार्यालय से गायब होने की सूचना मिल रही है।

#### मामले में कांग्रेस बीजेपी एक साथ

दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदिवासी होनहार छात्र-छात्राओं के मामले में विधायक इंद्र शाह मडावी जिला पंचायत सदस्य नम्रता सिंह ने प्रशासनिक स्तर पर बच्चों को काउंसलिंग फिजिकल चेकअप करने के साथ-साथ तत्काल एक्शन लेते हुए बाल संरक्षण विभाग, महिला बाल विकास पुलिस , स्थानीय प्रशासन की संयुक्त जांच टीम से संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

#### जांच की जा रही

एकलव्य आवासीय परिसर में फिर एक नाबालिक छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया है। यह दूसरी घटना है। पूरे मामले की स्थानीय स्तर पर जांच की जा रही है। - **हेमेंद्र भुआर्य,** एसडीएम मोहला

## मकर संक्रांति पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

# पतंग उड़ाकर बच्चों से लेकर बुजूर्गों ने मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मकर संक्रांति के अवसर पर शहर के पुरानी परम्परा को पुनः शुरू करते हुए लायंस क्लब ऑफ सिटी के द्वारा पतंग प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। शहर के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित इस पतंग प्रतियोगिता में बच्चे नौजवान और बुजुर्गों ने भी हिस्सा लिया और एक दूसरे की पतंग कट कर मकर संक्रांति का उत्साह मनाया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को लायंस क्लब के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।
मकर संक्रांति का उत्साह पतंगबाजी के साथ काफी बढ़ जाता है । मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा रही है । इस परंपरा में पतंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती रही है। पर बदलते दौर के साथ पतंग प्रतियोगिता यहां विलुप्त होती चली गई, जिसे पुनर्स्थापित करने के लिए लायंस क्लब ऑफ सिटी के द्वारा पतंग प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। आज शहर के स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित इस पतंग प्रतियोगिता में लोगों ने उत्साह के साथ बड़ चढ़कर हिस्सा लिया । इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा भी शामिल हुए और उन्होंने पतंग उड़ाकर प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की।

#### प्रतिवर्ष होगा आयोजन

पतंग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर लायंस क्लब ऑफ सिटी के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने कहा कि यहां पहले पतंग प्रतियोगिता होती थी जो बंद हो गई है। इस प्रतियोगिता को लायंस क्लब सिटी के द्वारा शुरू किया गया है, जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा ।आयोजन में पहुंचे छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने इस प्रतियोगिता को लेकर अपनी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पतंग उड़ाना हमारे देश की पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने कहा की पतंग प्रतियोगिता का आयोजन से बचपन की याद ताजा हो गई।



#### प्रतियोगिता देखने उमड़ती थी भीड़

पूर्व में आयोजित होने वाली विशाल पतंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले कई बुजुर्ग भी इस आयोजन में शामिल हुए, वहीं अपने अनुभव साझा करते हुए रामेश्वर जोशी ने उस दौर की पतंग प्रतियोगिता को लेकर बताया कि मकर संक्रांति पर जब पतंग प्रतियोगिता आयोजित होती थी तो देखने वालों से ही मैदान भर जाता था, लेकिन अब यहां प्रतियोगिता आयोजित नहीं होती है। अब लोग अपने घरों की छत पर ही पतंग उड़ाते हैं । वह भी काफी कम हो गई।

#### पुरानी परंपरा ही सही

पतंग प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान चीनी माजे का उपयोग नहीं करने को लेकर भी लोगों में जागरूकता फैलाई गई। स्वदेशी मांजे से ही पुरानी परंपरा के अनुसार सुरक्षित पतंग उड़ाने लोगों से अपील की गई।
इस प्रतियोगिता के अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शारदा तिवारी, विनोद डढ्ढा, राजा मखीजा, राजू डागा, संजय तेजवानी, योगेश बागड़ी, मयंक शर्मा, चंद्रिका सिन्हा, प्रकाश सांखला, राजकुमार शर्मा और शहर के जाने-माने ताज गढ्ढा पतंग भंडार के राजा गोरी शामिल हुए ।

### पत्थरों को रंगकर किया कला का प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव इस वर्ष अपने प्रथम सत्र में संचालित हो रहा है। विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 9वीं के कुल 112 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहाँ शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है। विद्यालय में स्टोन आर्ट गतिविधि का प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, रूचि और सहर्ष भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंगों और डिजाइनों के माध्यम से साधारण पत्थरों को आकर्षक कलाकृतियों में बदलते हुए छात्रों की मौलिकता और कलात्मक कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यार्थियों ने न केवल कला के प्रति अपनी समझ विकसित की, बल्कि एकाग्रता, धैर्य और सृजनशील सोच जैसी क्षमताओं को भी मजबूत किया। प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रतिभा निखारने में अत्यंत सहायक होती हैं।


#### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रफुल्ल कुमार इंदौरकर पिता स्व. बलीराम इंदौरकर निवासी रामदादा गली नंबर-1 गौरीनगर वार्ड नंबर 13 राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) अपने पुत्र का नया नाम कौस्तुव प्रफुल्ल इंदौरकर कर लिया हूँ।
अब मेरे बेटे का पुराना नाम कौस्तुव पी इंदौरकर था जिसे अब कौस्तुव प्रफुल्ल इंदौरकर के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**प्रफुल्ल कुमार इंदौरकर**
पिता स्व.बलीराम इंदौरकर
निवासी रामदादा गली नंबर-1 गौरीनगर वार्ड नंबर 13 राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)


JM
धमाकेदार ऑफर
ऑफ़र सीमित समय के लिये
कम कीमत, बड़ा भरोसा
जल्दी कीजिए
मात्र- ₹ 6,99,999/- में
46 HP 5045D
JOHN DEERE
5045 D
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
* नियम एवं शर्तें लागू
Note - उपरोक्त कीमत पर आर.टी.ओ., बीमा, एसेसीरिज शामिल नहीं।
- उपरोक्त कीमत पर एक्सचेंज लागू नहीं होगा।
- यह स्कीम 14 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक लागु होगा।
जैन मोटर्स
हेड ऑफिस- स्टेट हाईवे कवर्धा रोड, खैरागढ़,
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, राजनांदगांव- 9827953976, अम्बागढ़ चौकी-7999705353
मानपुर-8959179777 | चिचोला | गण्डई
सम्पर्क- 9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601 (राजनांदगांव)

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन आज रहेंगे कबीरधाम प्रवास पर

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य और उद्योग,



सार्वजनिक उपक्रम वाणिज्यिक कर आबकारी एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन 15 जनवरी 2026 को कबीरधाम प्रवास पर रहेगे। कैबिनेट मंत्री देवांगन जनप्रतिनिधियों से भेंटकर, अधिकारियों की बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 10.30 बजे रायपुर से कबीरधाम हेतु प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1 बजे कबीरधाम आगमन पर जनप्रतिनिधियों से भेंटकर चर्चा करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय अधिकारियों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 5 बजे कोरबा जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### उत्तरा दिवाकर पुनः बने कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**हरिभूमि कोलेगांव।** कांग्रेस हाईकमान द्वारा उत्तरा दिवाकर को एक बार फिर कांग्रेस कमेटी कुण्डा



ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उनके पुनः चयन की घोषणा के बाद कुण्डा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देने का तांता लगा हुआ है।
अपने पिछले तीन वर्षो के कार्यकाल में उत्तरा दिवाकर ने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य किया। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान करते हुए कांग्रेस कमेटी कुण्डा ब्लॉक को सशक्त और संगठित बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके अनुशासित, ईमानदार एवं समर्पित कार्यशैली को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान ने उन पर पुनः भरोसा जताया है। पुनः नियुक्ति के अवसर पर कुण्डा ब्लॉक के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यकर्ताओं ने अपेक्षा जताई कि वे आगे भी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करते हुए कांग्रेस पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

# ओबीसी महासभा की प्रमुख मांगों को लेकर अपर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के नेतृत्व मे व जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन मे ओबीसी महासभा द्वारा अलग-अलग बिंदुओं पर विगत वर्षो से प्रतिमाह ज्ञापन कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिला में महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि के नाम ज्ञापन सौंपा गया है, किंतु आज पर्यंत राष्ट्रीय जनगणना एवं 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक में महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर जैसे ज्वलंत समस्याएं यथावत बनी हुई है। अतः ओबीसी के हित संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही हेतु विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिसमें लंबित राष्ट्रीय जनगणना शीघ्र की जाए, जिसमें ओबीसी की गणना भी शामिल किए जाने, ओबीसी समुदाय को आबादी के बराबर समानुपातिक संवैधानिक प्रतिनिधित्व (आरक्षण) कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया एवं सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के सभी उपक्रमों में प्रदान किए जाने, ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर एवं 50 प्रतिशत कैपिंग की असंवैधानिक शर्तो को समाप्त किए जाने का अनुरोध है, क्योंकि क्रीमीलेयर की अवधारणा परिवार एवं समाज के लिए विघटनकारी बन गया है, अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किए जाने हेतु संसद द्वारा संविधान संशोधन कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 (4) एवं 16 (4) के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, जिससे एसटी,एससी एवं ईवीएस की भांति ओबीसी को भी पूर्ण एवं स्पष्ट संवैधानिक दर्जा प्राप्त हो सकें व विगत 32 वर्षो से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ राज्य में अविलंब लागू किए जाने एवं उक्त अवधि का बैकलॉग नियुक्तियां प्रदान किए जाने का अनुरोध है।

तात्कालीन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक पर महामहिम राज्यपाल का हस्ताक्षर किए जाने हेतु आवश्यक पहल शासन स्तर पर किए जाने तथा मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाओं को पूर्णतः लागू किए जाने जाने का अनुरोध है छत्तीसगढ़ राज्य में ओबीसी संबंधी योजना एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रम आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही है, जिससे ओबीसी की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा सका है। छत्तीसगढ़ राज्य में बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय के लिए पृथक से विभाग स्थापित किए जाने का अनुरोध है। ऐसे 28 प्रमुख मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान विशेष रूप से प्रदेश सचिव आनंद साहू, अजय, चंद्राकर संभाग उपाध्यक्ष कौशल साहू, जिलाध्यक्ष बालाराम साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, जीवन कौशिक उपाध्यक्ष, जिला महासचिव भुनेश्वर गढ़ेवाले, जिला महासचिव हरीश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थें।



**भूमिपूजन:** पंडरिया विधानसभा में सड़क विस्तार से मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

# विधायक ने 16.09 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

डबल इंजन भाजपा सरकार और विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव समृद्धि और विकास की किरण पहुंच रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है वही हर गांव को जोड़ती पक्की सड़कें पंडरिया के विकास को नई गति दे रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं ग्राम गौरव पथ योजना के तहत कुल 16 करोड़ 09 लाख 25 हजार रुपए के सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 10 करोड़ 90 लाख 54 हजार रुपए की लागत से ग्राम दानी-घठोली से देवदहरा तक 16.10 किलोमीटर एवं 2 करोड़ 71 लाख 42 हजार रुपए की लागत से नवागांव खुर्द से पैलपार तक 5 किलोमीटर की कुल 13 करोड़ 61 लाख 95 हजार रुपए की लागत से बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार की लागत से सूरजपुरा से ढोरली 2.50 किलोमीटर एवं मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत ग्राम गौरमाटी में 33 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र, प्रदेश व देश के विकास की राह वहां के गांव के सर्वांगीण विकास से होकर गुजरती है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम तक सुरक्षित, सुदृढ़ और सर्व मौसम सड़क संपर्क सुनिश्चित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। बारहमासी सड़क संपर्क से इन बसावटों को बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पोषण, आपदा प्रबंधन और दैनिक आवागमन में व्यापक सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी, ग्रामीण आजीविका में वृद्धि और जन-कल्याणकारी सेवाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और छत्तीसगढ़ में भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम जनमन योजना और केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आज पंडरिया विधानसभा के गांव, नगर व वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य निरंतर जारी हैं।

## सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति से हो रहा विकास कार्य



भावना बोहरा ने कहा कि विगत 2 वर्षों में पंडरिया विधानसभा में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है वहीं सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता एवं विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य निरंतर हुए हैं। इन विकास कार्यों की गुणवत्तापूर्ण एवं तय समयावधि पर पूरा करने के लिए विशेष रूप से ध्यान दिया गया है साथ ही अधिकारीयों एवं ठेकेदार को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। भाजपा सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि गांव, गरीब, किसान और मजदूर तक विकास की रोशनी पहुंचे। सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों की नींव हैं। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क निर्माण कार्यो से ग्रामीण अंचलों में तेज गति से विकास, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और किसानों को परिवहन सुविधा का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ग्रामीण बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और छत्तीसगढ़ में भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। पंडरिया विधानसभा में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य निरंतर जारी हैं जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रही है।

## नगर में मूलभूत सुविधाओं के लिए 1-1 करोड़ की स्वीकृति

ग्रामीण सुविधाओं के साथ-साथ पंडरिया विधानसभा के नगरों का भी सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है हाल ही में उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा पंडरिया, पांडातराई एवं इन्दौरी नगर के विकास हेतु लगभग 20 करोड़ के विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यो का भव्य भूमिपूजन किया। पंडरिया नगर हेतु 2 करोड़ एवं पांडातराई व इन्दौरी नगर में मूलभूत सुविधाओं के लिए 1-1 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। पंडरिया विधानसभा के लिए हमारा एक ही लक्ष्य है, सुविधा संपन्न गांव, सशक्त किसान और समृद्ध पंडरिया। निश्चित ही सड़क विकास के इन कार्यों से हर गांव तक विकास की किरण पहुंचेगी और पंडरिया विधानसभा नए आयाम स्थापित करेगा।

# छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बाजार चारभाठा में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स/लोहारा

जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम बाजार चारभाठा में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 15 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे किया गया है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष क्रांतिकारी नेता अनिल दुबे अपने टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य विषय सात करोड़ रुपए की धान कमी तथा चुहा महाराज को बदनाम करने वाले संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग है। किसान मोर्चा द्वारा केवल निलंबन नहीं, बल्कि संबंधित अधिकारी को बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई जाएगी। बैठक में जिले भर से सैकड़ों किसान शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा कबीरधाम की ओर से जिला अध्यक्ष महेन्द्र कौशिक, संचालक मंडल सदस्य जलेश्वर सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर राम सिन्हा, सुंदर कौशिक, जगदंबा साहू, भगतराम वर्मा, योगेश शर्मा, दुर्गेश कुम्भकार, सुरेश कौशिक, शिव कौशिक, बिहारी मरकाम, भगत वर्मा, शुभकरण साहू सहित अनेक पदाधिकारी व किसान नेता उपस्थित होगें। किसान नेताओं का कहना है कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## डॉ नरेश कुमार यदु सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष निर्वाचित



**हरिभूमि कवर्धा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था, कबीरधाम जिला की प्रथम बैठक मंगलवार को स्थानीय डॉ नरेश कुमार यदु के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला इकाई का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से लायन डॉ नरेश कुमार यदु को जिलाध्यक्ष, नरोत्तम राम महोबिया को सचिव, इंजीनियर एसएस जैन को उपाध्यक्ष तथा महेश राम महोबिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. डॉ कोदूराम यदु के तैलचित्र पर चंदन-गुलाल लगाकर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर भारत माता की जय, वंदे मातरम, महात्मा गांधी की जय एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिंदाबाद के नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर रहा। इसके पश्चात नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु का स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार द्वारा गुलाल-चंदन, पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस बैठक में संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल रायपुर को कवर्धा आमंत्रित करने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति बनी तथा 1 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई। उनके स्वागत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विचार किया गया। वहीं एसएस जैन के प्रस्ताव पर बिलासपुर, मुंगेली, छुईखदान एवं बेमेतरा जिलों के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवारों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 16 फरवरी को कलेक्टर से सौजन्य भेंट का निर्णय भी लिया गया। अन्य विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक के अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बैठक में डॉ नरेश कुमार यदु, नरोत्तम राम महोबिया, इंजी एसएस जैन एवं महेश राम महोबिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल, परसराम अहीर, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका, राष्ट्रपति पुरस्कृत आदित्य श्रीवास्तव, जितेंद्र रघुवंशी राष्ट्रीय महासचिव हरिद्वार, प्रदीप मिश्रा पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर, लायंस क्लब ऑफ कवर्धा के पदाधिकारी, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। उक्त जानकारी डॉ नरेश कुमार यदु ने दी।

# गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ने के दाम 450 रुपए क्विंटल पार, किसानों का बढ़ा रुझान

- क्षेत्र के गुड़ फैक्ट्रियां ग्रामीण गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले में गन्ना किसानों के लिए इस सीजन गुड़ फैक्ट्रियां किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही हैं। जिले में जहां एक ओर दो शुगर फैक्ट्रियां संचालित हैं, वहीं लगभग 400 से अधिक गुड़ फैक्ट्रियां भी सक्रिय हैं। वर्तमान में गुड़ फैक्ट्रियां में गन्ने की कीमत 440 से 450 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच जाने से किसान तेजी से अपना हरा सोना वहीं बेचने लगे हैं। इसका सीधा असर शुगर कारखानों पर देखने को मिल रहा है।



किसानों द्वारा युद्ध स्तर पर गन्ने की कटाई और छटाई की जा रही है। चाहे शेयरधारी हों या गैर-शेयरधारी, दोनों वर्ग के किसान अब शुगर कारखानों की बजाय गुड़ फैक्ट्रियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अधिक मूल्य मिलने के कारण किसान सीधे गुड़ फैक्ट्री में गन्ना बेचकर बेहतर लाभ कमा रहे हैं। दूसरी ओर भोरमदेव शक्कर कारखाना परिसर में धीरे-धीरे सन्नाटा पसरता नजर आ रहा है। गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवक नगण्य हो गई है। कारखाने के एक, दो और तीनों मैदान अब लगभग खाली दिखाई देने लगे हैं।

किसानों ने बताया कि गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना बेचने पर उन्हें तुरंत नगद भुगतान मिल जाता है, जबकि शुगर कारखानों में भुगतान में लंबा इंतजार करना पड़ता है। साथ ही ट्रैक्टर किराया और परिवहन खर्च से भी राहत मिलती है। यही कारण है कि गन्ना पर्ची मिलने के बावजूद कई किसान अपना गन्ना शुगर कारखानों तक नहीं पहुंचा रहे हैं।हालांकि दोनों शुगर कारखानों के अधिकारी और कर्मचारी अपने निर्धारित पेराई लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए कारखानों के लक्ष्य से पिछड़ने और बंद होने का खतरा भी मंडराने लगा है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि शुगर कारखाने इस चुनौती से उबर पाते हैं या नहीं, लेकिन फिलहाल गुड़ फैक्ट्रियों की बढ़ती मांग ने जिले के गन्ना बाजार की दिशा बदल दी है।

**न्यायालय तहसीलदार, रेंगाखारकला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202512080200019/अ-21/2025-2026
ग्राम रेंगाखारकला, प.ह.नं. 08

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमराज पिता नारायण जाति गोंड निवासी रेंगाखारकला रा.नि.मं. रेंगाखारकला तहसील रेंगाखारकला जिला कबीरधाम एवं 01 अन्य के द्वारा अपने संयुक्त नाम पर दर्ज (शासकीय पट्टे से प्राप्त) ग्राम रेंगाखारकला प.ह.नं. 08 तहसील रेंगाखारकला जिला कबीरधाम स्थित भूमि ख.नं. 3/2,9/3 रकबा क्रमशः 0.405 हेक्ट. 0.809 हेक्ट. को विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने बाबत् माननीय कलेक्टर महोदय कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समुदाय को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेशी तिथि 28/01/2026 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 12.01.2026
पेशी तिथि - 28.01.2026

मुहर

तहसीलदार, रेंगाखार कला
जिला-कबीरधाम

# बोड़ला ब्लॉक में उपसरपंच संघ का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायतों के उपसरपंचों की एक महत्वपूर्ण बैठक में बोड़ला ब्लॉक उपसरपंच संघ का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संघ की कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें संघ अध्यक्ष के रूप में संत वर्मा को नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर नारायण जायसवाल, जयप्रकाश साहू एवं शीतला भारती को जिम्मेदारी दी गई। सचिव पद पर सुनीता पटेल, बुधराम पटेल एवं इमरत टांडे को नियुक्त किया गया तथा मीडिया प्रभारी का भी गठन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बद्दो के उपसरपंच अमन वर्मा ने नवगठित संघ के उद्देश्य, भूमिका एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी उपस्थित उपसरपंचों को दी। उन्होंने कहा कि यह संघ ग्राम पंचायतों के अधिकारों की रक्षा, विकास कार्यो में पारदर्शिता और उपसरपंचों की समस्याओं को प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाने का सशक्त मंच बनेगा। अमन वर्मा ने कहा कि गांवों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर उपसरपंच संघ एकजुट होकर संघर्ष करेगा और हर पंचायत की आवाज शासन तक पहुंचाएगा। इस बैठक में उपस्थित सभी उपसरपंचों ने संघ के गठन का स्वागत किया और इसे ग्रामीण हितों के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया।

**पारंपरिक वेशभूषा में सादगी और संस्कृति की दिखी झलक**

# हिंदू संगम के दूसरे दिन परिवार सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के बोड़ला नगर में आयोजित हिंदू संगम कार्यक्रम के दूसरे दिन परिवार सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गो से आए संगठन के कार्यकर्ता अपने परिवारों के साथ भारी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान से पहुंचे कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक कैलाश चंद्र जोशी साथ ही सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव और मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज की। कैलाश चंद्र जोशी ने का कि भारतीय परिवार व्यवस्था की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार ही समाज और राष्ट्र की नींव है। पाश्चात्य संस्कृति के दौर में हमें अपनी जड़ों और संस्कारों को बचाए रखने के लिए



कुटुम्ब प्रबोधन की नितांत आवश्यकता है। नारायण नामदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति परिवार के सहयोग से ही दोगुनी होती है। परिवारों का एक साथ आना समाज में एकता का सकारात्मक संदेश देता है। वहीं फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। द्वितीय दिवस के इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। पूरा परिसर परिवारों की उपस्थिति से जीवंत हो उठा। सामूहिक चर्चाओं और वैचारिक सत्रों के माध्यम से परिवारों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

## पारंपरिक वेशभूषा ने खींचा सबका ध्यान

सम्मेलन की विशेषता इसकी सादगी और सांस्कृतिक झलक रही। कार्यक्रम में शामिल सभी पुरुष धोती-कुर्ता और महिलाएं साड़ी में नजर आई, जो भारतीय परंपरा के प्रति उनके गौरव को दर्शा रहा था। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक परिवार को सम्मान स्वरूप रामचरितमानस, दंड और प्रभु श्रीरामचंद्र का चित्र भेंट किया गया। वर्ष 2013 से अनवरत जारी है परंपरा आयोजन समिति के संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया कि वर्ष 2013 से शुरू हुआ यह कारवां हर वर्ष भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस वर्ष भी 13 से 18 जनवरी तक प्रतिदिन अलग-अलग वर्गों के लिए विशिष्ट सम्मेलनों का खाका तैयार किया गया है। हिंदू संगम का यह द्वितीय दिवस न केवल वैचारिक आदान-प्रदान का माध्यम बना, बल्कि इसने वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी धरातल पर चरितार्थ किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों का हो रहा विकास

# बासिनझोरी में 1 करोड़ 44 लाख और बम्हनी में 41.65 लाख रुपए के सड़क निर्माण मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बासिनझोरी में 1 करोड़ 44 लाख 86 हजार रुपए की लागत से 3.43 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य से बासिनझोरी और लखनपुर के हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही ग्राम बम्हनी में मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के अंतर्गत 41 लाख 65 हजार रुपए की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य से गांव का विकास होगा और शहरों तक पहुंच सुलभ होगी। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व और सतत प्रयासों से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल तेजी से बिछाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम बासिनझोरी और ग्राम बम्हनी में दो सड़कों विधिवत भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य, पंच-सरपंच, गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने ग्राम बासिनझोरी में आयोजित भुमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से जिले में विकास कार्यों की रफ्तार अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में 74 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो आदिवासी बहुल क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इनमें से 24 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन और परिवहन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने लगी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2024-25 में जिले के ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 50 हजार 723 आवासों की स्वीकृति दी गई है। इन आवासों का निर्माण ग्रामीणों को सुरक्षित, पक्का और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले को 9 हजार 625 आवासों की अतिरिक्त स्वीकृति मिली है, जिससे वनांचल व जनजातीय समुदाय के हजारों परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने ग्राम बम्हनी में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के व्यापक विकास के लिए केवल सड़क एवं आवास ही नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामों में 24 मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन स्टेडियमों के निर्माण से ग्रामीण युवाओं को न केवल खेलों की ओर प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण एवं आयोजन की बेहतर सुविधाएँ भी प्राप्त होंगी। यह पहल जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे इन विकास कार्यों से आमजन के जीवन स्तर में सुधार होगा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का संकल्प साकार होगा। श्री भट्ट ने उपस्थित ग्रामीणजनों से आग्रह किया कि वे सभी विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी रूप से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके।

## सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी



क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कबीरधाम जिला बड़े-बड़े विकास कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि सड़क निर्माण से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं का बेहतर विस्तार होगा। इन दोनों सड़कों के निर्माण से न केवल स्थानीय नागरिकों को लाभ मिलेगा, बल्कि आसपास के गांवों को भी बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, बीरसिंह पटेल, लालाराम साहू, रोहित नाथ योगी, श्रीमती नीतू शर्मा, दिलीप साहू, श्रीमती चितरेखा सुरेश कौशिक, श्रीमती बिन्दू राजेश साहू, भूखन साहू सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे।

# धान के सही दाम और समय पर भुगतान से खुश हुए बबूलूराम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में धान खरीदी का काम सरल और व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। केंद्रों में तौल, बारदाना, टोकन, छांव और पीने के पानी जैसी जरूरी व्यवस्थाएँ पहले से मौजूद हैं, जिससे किसान आराम से अपना धान बेच पा रहे हैं। धान खरीदी के साथ-साथ धान उठाव का काम भी लगातार हो रहा है। इससे केंद्रों में भीड़ नहीं लग रही और व्यवस्था बनी हुई है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। सही और समय पर मूल्य मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। अब खेती केवल गुजारे का साधन नहीं रह गई है, बल्कि भविष्य को सुरक्षित करने का जरिया बन रही है। साय सरकार की इस किसान हितैषी व्यवस्था से किसानों में खेती के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है। सरल प्रक्रिया और समय पर भुगतान से किसानों का भरोसा शासन पर और ज्यादा बढ़ा है। कबीरधाम जिले के ग्राम जुनवानी के किसान बबूलूराम यादव ने बताया कि उन्होंने इस साल 35 क्विंटल 60 किलो धान बेचा है। उन्होंने कहा कि अब धान बेचने में ज्यादा समय नहीं लगता। पहले पूरे दिन केंद्र में बैठना पड़ता था, लेकिन अब सभी काम समय पर और आसानी से हो जाते हैं। यादव ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से टोकन लेने की सुविधा है, जिससे प्रक्रिया और आसान हो गई है। बारदाना समय पर मिल जाता है और तौल भी सही तरीके से होती है। धान बेचने के बाद राशि सीधे खाते में आ जाती है, जिससे किसी तरह की चिंता नहीं रहती।

श्री यादव ने यह भी बताया कि इस बार खाद समय पर और पर्याप्त मात्रा में मिली, जिससे फसल अच्छी हुई है। उत्पादन बढ़ने से आमदनी भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अब खेती करने में पहले जैसी दिक्कतें नहीं आतीं और किसान मन लगाकर खेती कर पा रहे हैं।

# घरेलू विवाद में महिला की गला दबाकर हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

थाना पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम लिंहाईपुर में घरेलू विवाद के चलते एक महिला की गला दबाकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतिका के पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2026 को ग्राम लिंहाईपुर निवासी सरोजनी बंजारे आयु 31 वर्ष पति दीप सागर बंजारे की मृत्यु की सूचना पुलिस को मिली। परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का सूक्ष्म अवलोकन करने पर यह स्पष्ट हुआ कि महिला की मृत्यु गला दबाने से हुई है, जो स्पष्ट रूप से हत्या की श्रेणी में आता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना पंडरिया पुलिस को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी पंडरिया नितिन कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह के दिशा-निर्देशन में प्रकरण की गहन विवेचना की गई। जांच के दौरान मृतिका के पति एवं ससुर को पूछताछ हेतु थाना लाया गया। कड़ाई से पूछताछ एवं उपलब्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतिका के पति दीप सागर बंजारे पिता लक्ष्मण बंजारे ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को 14 जनवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण की त्वरित विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक मानिक लाल सिन्हा, महेश वर्मा, प्रधान आरक्षक राजेश्वर कोसरिया, आरक्षक सुनील घृतलहरें, राजू चंद्रवंशी एवं अभिषेक शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अग्निवेश के निधन पर शंकराचार्य जी का संदेश लेकर मुंबई पहुंचे ज्योतिर्मठ सीईओ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश के निधन पर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का शोक संदेश मुंबई पहुंचा। शंकराचार्य का संदेश लेकर ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय मुंबई पहुंचे और वायबी चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अनिल अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी किरण अग्रवाल को संदेश पत्र भेंट किया। और कहा कि अग्निवेश अग्रवाल की उम्र 49 वर्ष थी। वह अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान कार्डियक अरेस्ट आने से उनका निधन हो गया। इस दुखद घटना से उद्योग जगत समेत देशभर में शोक की लहर है। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य ने अपने संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान शंकराचार्य का संदेश पहुंचने पर परिजनों ने भावुक होकर आभार जताया।

# गुरुकुल स्कूल में मनाया मकर संक्रांति का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनपद की सुप्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल शिक्षा एवं संस्कार को एकमेव ध्येय के रुप में स्वीकार कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर है। इसलिए विद्यालय में विभिन्न पर्व व त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाया जाता है, जिससे विद्यार्थीगण इनसे परिचित हो सकें। इसी कड़ी में विद्यालय में मकर संक्रान्ति, पोंगल एवं लोहड़ी को मनाने के लिए विशेष सभा का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि छात्रा अर्तिका पात्रो तथा तीशा पारख ने मकर संक्रान्ति, पोंगल एवं लोहड़ी के महत्व से अवगत कराया। कक्षा छठवीं की छात्रा शेरीष ने लोहड़ी पर सस्वर कविता पाठ कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रश्नोत्तरी की प्रस्तुति छात्रा स्नेहल श्रीवास्तव ने सभी के सामान्य ज्ञान की जाँच की। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। हरगुन कौर मुटरेजा, सेम्मी माहेश्वरी, गुरमन पाहुजा तथा प्रबलीन सलूजा के द्वारा गीद्दा नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। मंच संचालन छात्रा आर्याही तिवारी के द्वारा किया गया। कमांडिंग छात्र देवांश जैन तथा प्रणव तिवारी ने की। आजाद सदन की प्रभारी शिक्षिका विद्या बंजारे तथा शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। प्राचार्य मनोज कुमार राय, संस्था अध्यक्ष तथा समस्त पदाधिकारीगण ने सभी को मकर संक्रान्ति, पोंगल एवं लोहड़ी की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की।

# राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के चार खिलाड़ियों ने प्राप्त किया पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



साफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 38वी सब जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का के झज्जर संस्कारम यूनिवर्सिटी में 09 से 12 जनवरी तक आयोजित किया। जिसमे छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका दोनों वर्गो की टीम भी सम्मिलित हुई थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के बालिका दल ने इतिहास रचते हुए प्रथम बार स्वर्ण पदक लगाया और बालक वर्ग ने कांस्य पदक अर्जित करके प्रदेश का नाम रौशन किए वहीं इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बालिका वर्ग में सौम्या चंद्राकर व बालक वर्ग में पंकज मेरावी, चंद्रेश कोर्राम, शुभम सेन कुल चार खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जो 07 जनवरी को रवाना हुए थे। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों का प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करते आ रहे है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। इसी के साथ इस वर्ष के शुरुआत में ही 38वी सब जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अकेडमी के चारों खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल के प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ टीम को स्वर्ण पदक व कांस्य पदक लगाने में अहम भूमिका निभाई। वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा सब जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता स्वर्ण व कास्य पदक लगाने के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, खैरागढ़ जिला वनमंडल अधिकारी दिलराज प्रभाकर, नरेंद्र मानिकपुरी, गजराज सिंह ठाकुर, राजा पीयूष टाटीया, दीपक सिन्हा, पवन देवांगन, अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई व उज्जवल भविष्य की मनोकामना प्रेषित की।

## कुण्डा मंडल के तीन भाजपा नेताओं को जिला स्तर पर मिली जिम्मेदारी, क्षेत्र में हर्ष





**हरिभूमि कोलेगांव।** भाजपा संगठन द्वारा कुण्डा मंडल के तीन सक्रिय नेताओं को जिला स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मंडल अध्यक्ष कुण्डा मुकेश ठाकुर को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है वहीं विकास पांडेय को प्रशिक्षण सहायक तथा सुरेश दुबे को सामग्री व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। तीनों नेताओं द्वारा लंबे समय से संगठन के लिए निरंतर समर्पण भाव से कार्य किया जा रहा है। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। संगठन नेतृत्व ने उनके इन्हीं कार्यो को देखते हुए उन्हें जिला स्तर पर जिम्मेदारी दी है। इन नियुक्तियों से कुण्डा मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। इस अवसर पर ओम प्रकाश यदु, छत्र किशोर सानू तिवारी, महेंद्र धृतलहरे, रामफल चंद्रवंशी, मनहरण साहू, मोहन चंद्रवंशी, रामाधार शर्मा, माखन चंद्रवंशी, बुलाऊ, पारस चंद्रवंशी, गीताराम साहू, श्रीमती भानु साहू, सुधा साहू, कपिल चंद्राकर, संजय चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी, संतोष साहू, तोषण शर्मा, कलाप चंद्रवंशी, दीपचंद चंद्रवंशी, परमेश्वर साहू सहित कुण्डा मंडल के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस का संगठन विस्तार, शहर व ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा से कार्यकर्ताओं में उत्साह

# मकर संक्रांति पर कांग्रेस संगठन को नई धार, 8 ब्लॉकों में शहर व ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त




■ मकर संक्रांति पर संगठन को मिली नई मजबूती।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा पर कबीरधाम जिले में शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हुई इस घोषणा से कांग्रेस संगठन में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया। जिले के सभी आठ ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति होने पर कांग्रेस परिवार ने इसे संगठन के लिए शुभ संकेत बताया। नवनियुक्त अध्यक्षों का जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया और सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में शहर एवं ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और उन्हें पूरी निष्ठा व सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। नवनियुक्त ब्लॉक व शहर अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर तथा जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के प्रति वे हृदय से कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्वास केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनसेवा और संगठन को सशक्त करने की बड़ी जिम्मेदारी भी है। अध्यक्षों ने स्पष्ट किया कि संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ाना और जनता की आवाज को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

यह नियुक्ति व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की एकता का परिणाम है। सभी के सहयोग से कांग्रेस को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। घोषित नियुक्तियों के अनुसार अशोक सिंह को शहर अध्यक्ष, मणिकांत त्रिपाठी को कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष, शौखी साहू को लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष, चेतन वर्मा को ठाठापुर ब्लॉक अध्यक्ष, छविलाल वर्मा को बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम साहू को पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष, उत्तरा दिवाकर को कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष, प्रभाती मरकाम को रेंगाखार ब्लॉक अध्यक्ष तथा नारायणी टोंडर को महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष बनाया गया है। सभी नवनियुक्त अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती के साथ करेंगे।

# नीतेश अग्रवाल बने जिला महामंत्री, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम के संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए पार्टी नेतृत्व ने नीतेश अग्रवाल को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी नीतेश अग्रवाल को जमीन से जुड़े नेता के रूप में जाना जाता है, जो सदैव सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाले ओजस्वी वक्ता और मार्गदर्शक रहे हैं। नीतेश अग्रवाल का संगठनात्मक एवं जनसेवा का अनुभव अत्यंत समृद्ध रहा है। उन्होंने 1996 से 1999 तक युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तथा 2000 से 2004 तक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके बाद वे जनपद पंचायत बोड़ला के सभापति भी रहे, जहां उन्होंने विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संगठन में उनकी मजबूत पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे 2010 से अब तक चार बार जिला भाजपा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा, जिला भाजपा के संगठन चुनाव के दौरान वे सह निर्वाचन अधिकारी के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पूरे जिले में निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित चुनाव संपन्न कराने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद और समर्पण को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अब जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व से नवाजा है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का मानना है कि नीतेश अग्रवाल के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी चुनावों में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। नीतेश अग्रवाल के महामंत्री बनाए जाने पर जिले भर से भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।